पाक्षिक

# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर

वर्ष - 22 ◆ अंक - 19 ◆ रायपुर 05 अप्रैल 2026 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया


### टीएमसी सरकार के अन्याय का जवाब देने पश्चिम बंगाल की जनता पूरी तरह तैयार

## पश्चिम बंगाल में परिवर्तन की लहर, भाजपा को मिल रहा अभूतपूर्व जनसमर्थन- मुख्यमंत्री साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पश्चिम बंगाल प्रवास के दौरान पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि पिछले 15 वर्षों में पश्चिम बंगाल की जनता को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रखा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर नल योजना और किसान सम्मान निधि जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ गरीबों और किसानों तक नहीं पहुंच पाया। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य में रोजगार के अवसरों की भारी कमी है और महिलाओं से किए गए आर्थिक सहायता के वादे भी पूरे नहीं किए गए हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने पश्चिम बंगाल की कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बहन-बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो पा रही है और युवाओं के सामने रोजगार का संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे ऐसी सरकार को दोबारा सत्ता में आने से रोकें और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को समर्थन देकर पश्चिम बंगाल में सुशासन और विकास की नई दिशा सुनिश्चित करें।





मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज पश्चिम बंगाल प्रवास के दौरान नयाग्राम, गोपीबल्लवपुर, झारग्राम एवं बिनपुर विधानसभा क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के नामांकन कार्यक्रमों में हिस्सा लिया तथा जनसभाओं को संबोधित करते हुए भाजपा के पक्ष में जनसमर्थन की अपील की। इस दौरान सड़कों पर उमड़े जनसैलाब और हर वर्ग के अपार समर्थन ने यह स्पष्ट संकेत दिया कि पश्चिम बंगाल की जनता परिवर्तन के लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री श्री साय ने झारग्राम की भूमि को वीर सपूतों और विद्वानों की धरती बताते हुए यहां के भाजपा कार्यकर्ताओं को नमन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल देश ही नहीं, बल्कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जहाँ एक सामान्य कार्यकर्ता भी अपने परिश्रम के बल पर सर्वोच्च पदों तक पहुँच सकता है। उन्होंने अपने जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि एक किसान परिवार से आने के बावजूद पार्टी ने उन्हें सांसद, विधायक, प्रदेश अध्यक्ष और आज मुख्यमंत्री जैसे दायित्व सौंपे - जो भाजपा की आंतरिक लोकतांत्रिक परंपरा को दर्शाता है।



### सांसद अग्रवाल ने लोकसभा में उठाया 'एकल शिक्षक' स्कूलों का मुद्दा

**रायपुर।** लोकसभा सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में छत्तीसगढ़ समेत देशभर में सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी और छात्र-शिक्षक अनुपात में विसंगति का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। श्री अग्रवाल ने सरकार से एकल शिक्षक स्कूलों को समाप्त करने की समय-सीमा और दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षकों की तैनाती को लेकर भी सवाल किए। सांसद श्री अग्रवाल ने अतारांकित प्रश्न के माध्यम से सदन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि छत्तीसगढ़ सहित देश के कई राज्यों में प्राथमिक विद्यालय केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं, जो शिक्षा के अधिकार अधिनियम का उल्लंघन है। उन्होंने 'पीएम श्री' योजना के तहत विकसित आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के अल्प-उपयोग पर चिंता जताते हुए कहा कि विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों के बिना केवल बिल्डिंग बना देने से शिक्षा का स्तर नहीं सुधरेगा। जिसपर जवाब देते हुए शिक्षा राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने जानकारियां साझा करते हुए बताया कि, शिक्षा समवर्ती सूची का विषय है, अतः शिक्षकों की भर्ती, सेवा शर्तें और उनकी तैनाती मुख्य रूप से राज्य सरकारों के प्रशासनिक नियंत्रण में आती है। सेवानिवृत्ति और नामांकन में वृद्धि के कारण रिक्तियां एक सतत प्रक्रिया है, जिसे भरना राज्यों का दायित्व है। केंद्र सरकार 'समग्र शिक्षा' योजना के माध्यम से राज्यों को वित्तीय मदद दे रही है।



### 300 BLS, 70 ALS के साथ पहली बार 5 नियोनेटल ALS – नवजात शिशुओं के लिए 'चलते-फिरते ICU' की शुरुआत

## मुख्यमंत्री ने 370 नई एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी

**रायपुर।** प्रदेश में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने की दिशा में आज एक ऐतिहासिक पहल की गई। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने 300 बेसिक लाइफ सपोर्ट (BLS) एवं 70 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (ALS) एम्बुलेंसों को हरी झंडी दिखाकर प्रदेश के सभी जिलों के लिए रवाना किया। इसके साथ ही 108 एम्बुलेंस की समस्त सेवाएं प्रदेशभर में तत्काल प्रभाव से प्रारंभ हो गई हैं, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सहायता सुनिश्चित होगी। इस पहल के अंतर्गत पहली बार प्रदेश में 5 नियोनेटल ALS एम्बुलेंसों की शुरुआत की गई है, जो नवजात शिशुओं की आपातकालीन देखभाल के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगी। यह सेवा राज्य की नवजात सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है तथा गंभीर स्थिति में नवजात शिशुओं को सुरक्षित रूप से उच्च स्तरीय उपचार केंद्रों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।








**शहर में 15 और गांव में 30 मिनट में पहुंचेगी 108 सेवा: स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल**

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर सुदृढ़ हो रही हैं और पिछले दो वर्षों में इस क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता का भरोसा सरकारी अस्पतालों में लगातार बढ़ा है, जहां उन्हें समय पर उपचार मिल रहा है। उप-स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण एवं उन्नयन के कारण अब लोगों को छोटे-छोटे इलाज के लिए दूर शहरों की ओर नहीं जाना पड़ रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य है कि शहरी क्षेत्रों में 15 मिनट और ग्रामीण क्षेत्रों में 30 मिनट के भीतर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जाए, ताकि हर जरूरतमंद मरीज तक समय पर स्वास्थ्य सहायता पहुंच सके। उन्होंने कहा कि 108 एम्बुलेंस सेवा का यह विस्तार आम जनता के विश्वास को और सशक्त करेगा कि संकट की घड़ी में सरकार पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ उनके साथ खड़ी है।

# विधायक ईश्वर साहू ने परिवार व कार्यकर्ताओं संग देखी 'द बिरनपुर फाइल्स'

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया






**थान खमरिया** । छत्तीसगढ़ के चर्चित घटनाक्रम पर आधारित फिल्म 'द बिरनपुर फाइल्स' को लेकर प्रदेशभर में उत्सुकता का माहौल बना हुआ है। इसी क्रम में साजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू ने अपने परिवार एवं कार्यकर्ताओं के साथ रायपुर स्थित श्याम टॉकीज में फिल्म का विशेष प्रदर्शन देखा।

जानकारी के अनुसार, यह फिल्म वर्ष 2023 में बेमेतरा जिले के बिरनपुर में हुई हृदयविदारक हिंसक घटना तथा उसके बाद उत्पन्न हालातों पर आधारित है। फिल्म 3 अप्रैल 2026 को प्रदेश के प्रमुख सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जा रही है, जिसे लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म देखने के बाद विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि यह केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि एक पिता के अपने पुत्र को न्याय दिलाने के लिए किए गए संघर्ष की सच्ची कहानी को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों और सामाजिक चुनौतियों के बावजूद न्याय के लिए संघर्ष करते रहना ही इस फिल्म का मुख्य संदेश है।

उन्होंने आगे कहा कि इस तरह की फिल्मों से समाज को जागरूकता मिलती है और लोगों को न्याय के प्रति सजग रहने की प्रेरणा भी मिलती है। 'द बिरनपुर फाइल्स' को छत्तीसगढ़ी सिनेमा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जो एक आम व्यक्ति के साहस, संघर्ष और न्याय की लड़ाई को प्रभावी ढंग से बड़े पर्दे पर प्रस्तुत करती है।

# सोशल मीडिया पर जनप्रतिनिधि के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



ब्यूरो चीफ रतन कुमार

दुर्ग। दुर्ग पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर जनप्रतिनिधि के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामला थाना पाटन क्षेत्र का है, जहां प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 03 अप्रैल 2026 को थाना पाटन में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि एक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जनप्रतिनिधि के खिलाफ अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए वीडियो प्रसारित किया गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 129/2026 धारा 353(2) BNS के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

जांच के दौरान आरोपी की पहचान कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान गौरव वर्मा (27 वर्ष), निवासी ग्राम पूंढा, थाना पाटन, जिला दुर्ग के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है।

इस घटना का मुख्य कारण सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी प्रसारित करना बताया जा रहा है। घटना ग्राम पूंढा, थाना पाटन क्षेत्र में घटित हुई।

दुर्ग पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया का उपयोग जिम्मेदारीपूर्वक करें और किसी भी प्रकार की भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री साझा करने से बचें। ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा स्थापना दिवस नवाचार के साथ मनाने की तैयारी

## *बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय*




ब्यूरो चीफ रतन कुमार

**दुर्ग।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सौरव जायसवाल के नेतृत्व में भाजपा के स्थापना दिवस को नवाचार के साथ मनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों को शामिल करने का निर्णय लिया गया।

बैठक के दौरान तय किया गया कि स्थापना दिवस पर आम जनता के बीच शरबत वितरण किया जाएगा तथा गर्मी को देखते हुए विभिन्न स्थानों पर प्याऊ (जल सेवा) की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही बूथ स्तर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित कर कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में इस बात पर भी विशेष चर्चा हुई कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक कैसे पहुंचे। इसके लिए कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी देने और उन्हें लाभ दिलाने के लिए प्रेरित किया गया। इस बैठक में जिला भाजपा के अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, महामंत्री रितेश ठाकुर, जिला प्रचार-प्रसार मंत्री निखिल सोनी, जिला उपाध्यक्ष विशाल शाही, वैशाली नगर मंडल महामंत्री युवा मोर्चा रतन कुमार, सत्यम यादव एवं चंदन यादव, रौनक पांडे, सौरभ चटर्जी, अर्पना मुखर्जी, रोहित चौधरी, राज मिश्रा, सतबीर सिंह, तुषार बाजपेई, प्रवेश शर्मा, महामंत्री नागेश साहू, अभय चौबे, तेजस पाल, नवीन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ समाज सेवा के कार्यों को प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया गया।



# पश्चिम बंगाल में बढ़ती अराजकता लोकतंत्र के लिए चुनौती



नागरिक समाज सक्रिय रूप से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए आगे नहीं आएगा, तब तक केवल प्रशासनिक उपायों से इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। लोकतंत्र केवल चुनावों तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है जिसमें कानून का शासन, संस्थाओं की स्वतंत्रता और नागरिकों की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है। पश्चिम बंगाल, जो कभी सांस्कृतिक चेतना, बौद्धिकता और राजनीतिक परिपक्वता का प्रतीक माना जाता था, आज एक ऐसे संक्रमणकाल से गुजर रहा है, जहां लोकतांत्रिक मूल्यों की जड़ें लगातार कमजोर होती प्रतीत हो रही हैं। जैसे-जैसे चुनाव का समय नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे राज्य में हिंसा, अराजकता अलोकतांत्रिकता और राजनीतिक असहिष्णुता की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। यह केवल राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का परिणाम नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति घटते सम्मान और कानून व्यवस्था की गिरती स्थिति का भी द्योतक है। हाल ही में मालदा जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण अर्थात एसएआर को लेकर जिस प्रकार का असंतोष और तनाव देखने को मिला, वह भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति अविश्वास को दर्शाता है। मतदाता सूची में नाम जुड़ना या हटना एक कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके लिए स्पष्ट नियम और प्रावधान होते हैं। यदि इस प्रक्रिया को राजनीतिक चश्मे से देखा जाएगा या प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव बनाया जाएगा, तो निष्पक्ष चुनाव की पूरी प्रक्रिया ही संदिग्ध हो जाएगी। एसएआर प्रक्रिया में बाधक बनते हुए जिसे तरह से न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे तक बंधक बनाए जाने की घटना सामने आयी है, वह न केवल चिंताजनक है बल्कि लोकतंत्र के लिये एक गंभीर चेतावनी भी है। यह उस व्यापक घातक एवं विडम्बनापूर्ण प्रवृत्ति का हिस्सा है, जिसमें प्रशासनिक और न्यायिक तंत्र को भी राजनीतिक दबाव और भीड़तंत्र के आगे झुकने के लिए मजबूर किया जा रहा है। विशेष रूप से यह तथ्य कि बंधक बनाए गए अधिकारियों में महिलाएं भी शामिल थीं, इस घटना को और अधिक गंभीर बना देता है। यह न केवल कानून के शासन पर प्रश्नचिह्न लगाता है, बल्कि समाज में बढ़ती असंवेदनशीलता को भी उजागर करता है। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा का इतिहास नया नहीं है। 1960 और 70 के दशक में नक्सल आंदोलन के दौरान हिंसा का जो दौर शुरू हुआ था, उसने राज्य की राजनीतिक संस्कृति को गहराई से प्रभावित किया। इसके बाद वामपंथी शासन के लंबे कालखंड में भी राजनीतिक विरोधियों के प्रति असहिष्णुता और हिंसा की घटनाएं समय-समय पर सामने आती रहीं। सत्ता परिवर्तन के बाद तृणमूल कांग्रेस एवं ममता बनर्जी के शासन में यह प्रवृत्ति समाप्त नहीं हुई, बल्कि नए स्वरूप में सामने आई। यह स्पष्ट संकेत है कि समस्या केवल किसी एक दल या विचारधारा की नहीं, बल्कि पूरे राजनीतिक तंत्र में व्याप्त एक गहरे संकट की है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में, चुनावों के निकट आते ही जिस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही हैं, वे लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरे का संकेत देती हैं।

मतदाता सूची के पुनरीक्षण जैसे संवेदनशील कार्य में लगे अधिकारियों को बंधक बनाना यह दर्शाता है कि कुछ तत्व चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। यह केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि मतदाता की स्वतंत्रता और निष्पक्ष चुनाव के अधिकार पर सीधा हमला है। इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट की सरि यता उल्लेखनीय है। समय-समय पर न्यायालय ने राज्य सरकार को कड़े निर्देश दिए हैं और कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी की याद दिलाई है। किंतु यह भी एक चिंताजनक तथ्य है कि इन निर्देशों का जमीनी स्तर पर अपेक्षित प्रभाव नहीं दिखाई देता। इससे यह प्रश्न उठता है कि क्या राज्य प्रशासन एवं सत्तारूढ पार्टी इन निर्देशों को लागू करने में अक्षम है या इच्छुक नहीं है? यदि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश भी प्रभावी नहीं हो पा रहे हैं, तो यह लोकतंत्र के लिए एक गंभीर चेतावनी है। चुनाव के समय बढ़ती अराजकता के पीछे राजनीतिक बौखलाहट भी एक महत्वपूर्ण कारण हो सकती है। जब किसी दल को अपनी लोकप्रियता में गिरावट का भय होता है, तो वह अक्सर लोकतांत्रिक मर्यादाओं को दरकिनार कर असंवैधानिक उपायों का सहारा लेने लगता है। पश्चिम बंगाल में भी कुछ ऐसी ही प्रवृत्तियां देखने को मिल रही हैं, जहां सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ताओं पर विपक्ष को डराने, प्रशासनिक कार्यों में बाधा डालने और चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के आरोप लगते रहे हैं। यदि इन आरोपों में सच्चाई है, तो यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के विपरीत है। नागरिक समाज सक्रिय रूप से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए आगे नहीं आएगा, तब तक केवल प्रशासनिक उपायों से इस समस्या का समाधान संभव नहीं है।

अतिथि संपादक - ललित गर्ग

# महतारी वंदन योजना : आर्थिक संबल से आत्मविश्वास तक, सशक्त हो रही छत्तीसगढ़ की महिलाएं

डॉ. दानेश्वरी संभाकर,
उप संचालक जनसंपर्क



किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति तब मानी जाती है जब उसकी महिलाएं सशक्त, आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन जीने लगें। छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना इसी दिशा में एक ऐतिहासिक और संवेदनशील पहल बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में यह योजना आज लाखों महिलाओं के जीवन में आत्मविश्वास, आर्थिक संबल और नई उम्मीदों का संचार कर रही है।

महतारी वंदन योजना केवल हर माह मिलने वाली 1000 रुपये की आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के सपनों को पंख देने, उनके आत्मसम्मान को मजबूत करने और परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम बन गई है। प्रदेश के गांव-गांव से ऐसी प्रेरक कहानियां सामने आ रही हैं, जो बताती हैं कि छोटे-छोटे आर्थिक सहयोग से भी बड़े सामाजिक बदलाव संभव हैं।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बस्तर में आयोजित वृहद महतारी वंदन कार्यक्रम के दौरान कई महिलाओं ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से वर्चुअल संवाद कर अपने जीवन में आए बदलाव साझा किए। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के ग्राम खोडरी की श्रीमती अनीता साहू ने बताया कि पहले आर्थिक कठिनाइयों के कारण परिवार चलाना मुश्किल था, लेकिन योजना से मिली राशि से उन्होंने सिलाई मशीन खरीदी और 卐अनीता सिलाई सेंटर卐 शुरू किया। आज वे सिलाई, खेती और मजदूरी के माध्यम से अपने परिवार को बेहतर जीवन दे रही हैं। उनका यह सफर संघर्ष से आत्मनिर्भरता तक की प्रेरक कहानी बन गया है।

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की श्रीमती मिथलेश चतुर्वेदी ने भी अपने जीवन का भावुक अनुभव साझा किया। पति के निधन के बाद परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई थी। ऐसे कठिन समय में महतारी वंदन योजना ने उन्हें आर्थिक संबल दिया और उन्होंने ई-रिक्शा खरीदकर आजीविका का नया रास्ता चुना। आज वे आत्मसम्मान के साथ अपने परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं और समाज में आत्मनिर्भर महिला की पहचान बना चुकी हैं।

कोरिया जिले की ग्राम डुमरिया निवासी श्रीमती बाबी राजवाड़े बताती हैं कि खेती-किसानी में मिलने वाली मासिक राशि उनके लिए बड़ी मदद साबित हो रही है। बीज, खाद और अन्य कृषि जरूरतों को पूरा करना अब पहले की तुलना में आसान हो गया है। वहीं ग्राम आमापारा की श्रीमती सुंदरी पैकरा इस राशि का उपयोग अपने बच्चों की पढ़ाई में कर रही हैं, जिससे उनके बच्चों के भविष्य को नई दिशा मिल रही है।

भरतपुर विकासखंड के ग्राम चांटी की श्रीमती सविता सिंह की कहानी इस योजना की सार्थकता को और मजबूत करती है। उन्होंने महतारी वंदन योजना की राशि को बचाकर सिलाई मशीन खरीदी और सिलाई कार्य शुरू किया। आज वे गांव में कपड़ों की सिलाई कर नियमित आय अर्जित कर रही हैं और अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का खर्च स्वयं उठा रही हैं। उनकी सफलता ने गांव की अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी है।



महतारी वंदन योजना का व्यापक प्रभाव प्रदेश के हर जिले में दिखाई दे रहा है। लगभग 69 लाख विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता सीधे उनके बैंक खातों में दी जा रही है और अब तक 25 किस्तों के माध्यम से 16 हजार 237 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के जरिए प्रदान की जा चुकी है। यह नियमित आर्थिक सहयोग महिलाओं के जीवन में स्थिरता और आत्मविश्वास ला रहा है।

इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह महिलाओं को केवल सहायता नहीं देती, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देती है। महिलाएं इस राशि से छोटे-छोटे व्यवसाय शुरू कर रही हैं, बच्चों की पढ़ाई में निवेश कर रही हैं, खेती-किसानी को मजबूत बना रही हैं और परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इससे परिवार, समाज और राज्य—तीनों स्तरों पर सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है।

महिलाओं का कहना है कि पहले छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी उन्हें दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब महतारी वंदन योजना ने उन्हें आत्मसम्मान के साथ जीने की ताकत दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना उनके जीवन में नई उम्मीद और नया आत्मविश्वास लेकर आई है।

आज महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण का मजबूत स्तंभ बन चुकी है। यह योजना न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि उन्हें समाज में सम्मान, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ने का अवसर भी दे रही है। निश्चित रूप से महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए आत्मसम्मान, सशक्तिकरण और उज्ज्वल भविष्य की नई सुबह साबित हो रही है, जो आने वाले समय में प्रदेश के समग्र विकास की मजबूत आधारशिला बनेगी।



# हनुमान जयंती महोत्सव में धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम, हजारों श्रद्धालुओं ने लिया आनंद

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थान खमरिया।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर नगर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित हनुमान मंदिर में भक्ति और आस्था का अद्भुत माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

रात्रि में वार्ड क्रमांक 9 में अपना प्यार गणेश उत्सव समिति एवं वार्डवासियों के सहयोग से खैरागढ़ के श्री लव-कुश जागराता सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य गायिका सुश्री छाया गोस्वामी एवं गायक अजय साहू ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे आयोजन के दौरान हनुमान जी की भक्ति और शक्ति का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी, विधायक प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, जिला महामंत्री राजेश ठाकुर, चंद्रशेखर राजपूत एवं अनिल सिंघानिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं पार्षदगण उपस्थित रहे। अपने संबोधन में ओम प्रकाश जोशी ने कहा कि भगवान हनुमान का जीवन सत्य, अनुशासन और अटूट भक्ति का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से हनुमान जी के आदर्शों को अपनाते हुए लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और भक्ति भाव से कार्य करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर सैकड़ों भक्तों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। जागराता कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय रहा और उपस्थित जनसमूह ने इसकी भूरी-भूरी प्रशंसा की। आयोजन स्थल पर दिनभर भक्ति का माहौल बना रहा तथा जय श्रीराम और हनुमान जी के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम के माध्यम से सनातन धर्म की रक्षा एवं हिंदू संस्कृति के प्रचार-प्रसार का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में वार्ड पार्षद प्रवेश नेताम, सूरज पाल, दीपक निर्मलकर, रोशन निर्मलकर, बाला कुम्भकार, भैया राम लहरे, टीकम अग्रवाल, मनीष रात्रे, वीरेंद्र सिन्हा, शरद कुम्भकार, नगर पंचायत उपाध्यक्ष चेतन निर्मलकर एवं गणेश निर्मलकर, रोशन निर्मलकर, दीपक निर्मलकर सहित अन्य कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

हजारों दर्शकों ने कार्यक्रम का आनंद उठाया।

# पैलपार में सड़क निर्माण के लिये किया जा रहा अवैध उत्खनन

**थानखम्हरिया।** बेमेतरा तथा कबीरधाम जिले की सरहदों में ठेकेदारों द्वारा नदी, तालाब व पोखरों का अवैध खनन कर मिट्टी व मुरूम का उपयोग सड़क निर्माण कार्य में किया जा रहा है।



अवैध उत्खनन से शासन को रायल्टी का नुकसान तो हो ही रहा है इससे बनने वाले गहरे गड्ढों से ग्रामीणों तथा मवेशियों की जान पर भी आफत आ रही है। पैलपार से नवागॉवखुर्द तक बनने वाली 5 किमी सड़क निर्माण में इस अवैध उत्खनन का उपयोग किया जा रहा है। ठेकेदार के पास परिवहन का आदेश नहीं है फिर भी बेधड़क अवैध खनन कर मुरूम, मिट्टी का अवैध परिवहन हाईवा के माध्यम से किया जा रहा है जिसमें खनिज विभाग की भूमिका संदिग्ध है। बेखौफ चल रहे अवैध खनन में ग्राम पंचायत पैलपार के उपसरपंच की मौखिक अनुमति बतायी जा रही है। खनन कार्य केबीसी कंट्रक्शन कवर्धा तथा परिवहन जय पवनसुत ट्रांसपोर्ट द्वारा किया जा रहा है। जेसीबी के माध्यम से लगातार खनन कर खनिज नियमों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बनने वाली सड़कों में उपयोग होने वाले मुरूम, गिट्टी व रेत का रायल्टी बिल भी फर्जी तरीके से जमा किया जाता है। ठेकेदार, निर्माण स्थल के करीब वाले ग्राम पंचायतों के नदी व तालाबों को अपना निशाना बनाते हैं और खनिज नियमों के विरूद्ध 10 से 15 फीट गहरी खुदाई कर ग्रामीणों के लिए मुसीबत खड़ी कर देते हैं। ऐसा ही मामला नवागॉवकला का है जहॉं सरपंच की सहमति से ठेकेदार द्वारा 15 फुट गहरी खुदायी कर मुरूम, मिट्टी का अवैध उत्खनन किया गया है फिर भी खनिज विभाग मौन है।

# खिलोराखुर्द में आग से तबाही, विधायक ईश्वर साहू ने किया दौरा, त्वरित मुआवजे का आश्वासन

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया



**थान खमरिया।** ग्राम खिलोराखुर्द में शनिवार को हुई भीषण आगजनी की घटना के बाद क्षेत्र में भारी नुकसान का मंजर देखने को मिला। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक श्री ईश्वर साहू प्रशासनिक अमले के साथ मौके पर पहुंचे और प्रभावित खेतों का सघन निरीक्षण किया।

विधायक श्री साहू ने आग से प्रभावित किसान परिवारों से मुलाकात कर उनका हाल जाना और उन्हें ढांढस बंधाते हुए हरसंभव सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि अन्नदाता की मेहनत पर आई यह विपत्ति बेहद दुखद है और सरकार इस कठिन समय में किसानों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।

बताया जा रहा है कि अचानक लगी इस आग ने किसानों की पकी हुई गेहूं की फसल, पशु आहार (पैरावट) तथा मवेशियों को भारी नुकसान पहुंचाया है। कई किसानों की महीनों की मेहनत कुछ ही समय में जलकर राख हो गई।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि नुकसान का त्वरित एवं सटीक आकलन (पंचनामा) तैयार किया जाए, ताकि प्रभावित किसानों को शासन की ओर से जल्द से जल्द मुआवजा मिल सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



इस दौरान मंडल अध्यक्ष धमधा लोकेन्द्र ब्रह्मभट्ट ने भी प्रशासन से तेजी से कार्रवाई करने की बात कही।

दौरे के समय नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, हल्का पटवारी सहित मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्र ब्रह्मभट्ट, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहित राजपूत, महामंत्री बनऊ वर्मा, सूरज देशमुख, नीलाम्बर साहू, अरविंद पटेल, कृष्णा पटेल, संजय कश्यप, राजेन्द्र पटेल, धर्मपाल वर्मा, रामगोपाल पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

अंत में विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि शासन स्तर पर हर संभव मदद दिलाई जाएगी और प्रभावित किसानों को राहत दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

# जिला स्तरीय जागरूकता प्रशिक्षण आयोजित

## बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ के संकल्प को लेकर अधिकारियों को दी गई विस्तृत जानकारी





**बेमेतरा।** कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री सी.पी. शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों तथा अंतर्विभागीय जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों के लिए जिला स्तरीय जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य 'बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़' के संकल्प को प्रभावी रूप से लागू करना रहा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बाल विवाह की रोकथाम से संबंधित विभिन्न कानूनी, सामाजिक एवं प्रशासनिक पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों को बताया गया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए विभागों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है तथा ग्राम स्तर तक निगरानी तंत्र को मजबूत करना होगा।

### कानूनी प्रावधानों की दी गई जानकारी

प्रशिक्षण में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 (PCMA 2006) के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी गई। बताया गया कि लड़कियों के लिए 18 वर्ष तथा लड़कों के लिए 21 वर्ष से कम आयु में विवाह करना पूर्णत: अवैध है। यदि दोनों में से किसी एक की आयु निर्धारित सीमा से कम है तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है और यह कानूनन दंडनीय अपराध है।

### अपराध की गंभीरता पर विशेष जोर

अधिकारियों को बताया गया कि बाल विवाह करना, करवाना या उसमें किसी भी प्रकार से सहयोग करना अपराध की श्रेणी में आता है। विवाह का कार्ड छापना, टेंट लगाना, भोजन बनाना या किसी भी प्रकार की सेवा देना भी कानूनी कार्रवाई के दायरे में आता है। प्रशिक्षण में सभी अधिकारियों को इस विषय में सतर्कता बरतने और समय रहते कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

### बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों की भूमिका

प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत, सेक्टर और ब्लॉक स्तर पर नियुक्त बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों (CMPO) के कार्य, अधिकार तथा उनकी जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बाल विवाह की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया भी समझाई गई।

### रोकथाम के लिए मजबूत किया जाएगा निगरानी तंत्र

प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय स्तर पर 'बाल विवाह मुक्त' निगरानी समितियों के गठन पर विशेष चर्चा की गई। अक्षय तृतीया जैसे अवसरों पर विशेष सतर्कता रखने और सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि बाल विवाह की घटनाओं को पहले ही रोका जा सके।

### बाल विवाह के दुष्परिणामों से कराया गया अवगत

प्रतिभागियों को बताया गया कि बाल विवाह से बालिकाओं के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है, शिक्षा बाधित होती है तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में वृद्धि की संभावना रहती है। इसके साथ ही बच्चों के अधिकारों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### चाइल्ड हेल्पलाइन का उपयोग करने की अपील

प्रशिक्षण में अधिकारियों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल विवाह की सूचना मिलने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1098 पर जानकारी दी जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों से अपील की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर बाल विवाह को रोकने में सक्रिय भूमिका निभाएं और 'बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़' के संकल्प को सफल बनाने में सहयोग करें।

# दुर्ग हटिया एक्सप्रेस ट्रेन के नियमित होने पर सांसद लक्ष्मी वर्मा ने किया स्वागत



**भाटापारा।** दुर्ग रेलवे जंक्शन से हटिया रेलवे स्टेशन के बीच नियमित रूप से नये नंबर के साथ प्रारंभ हुई दुर्ग हटिया एक्सप्रेस क्रमांक 18641 , 18642 को नियमित ट्रेन के रूप में सप्ताह में दो दिन चलाने के फैसला रेल प्रशासन ने लिया है। उक्त ट्रेन के भाटापारा पहुंचने पर राज्य सभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने स्वागत किया । इस दौरान लक्ष्मी वर्मा ने ट्रेन के चालक परिचालक को मुह मिठा कराकर स्वागत की परंपरा को आगे बढ़ाया बाद में सांसद ने ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर आगे के स्टेशन के लिए रवाना किया । उपरोक्त अवसर पर रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य राजेश शर्मा भाजपा नेता अविनाश शर्मा , संतोष नायक के अलावा अमरजीत सलुजा स्मार्ट , लक्ष्मी नारायण सोनी ,कमल सेठी ,अभिषेक पांडेय , गुरमित कौर गुंबर ,सुरेश गोदवानी , बलवंत सिंग सलुजा, राजा चावला , कमल सेठी , नरेश आर्य , अभिषेक मोदी , सौरभआनंद , हरजीत कौर , शमी चावला , रूपेन्द्र सिंग चावला , विशाल पंजवानी , मनि सिंग छाबड़ा , रूपेन्द्र सिंग खालसा , शुभम सेठी, राहुल सेठी , अमन चावला , गगनजीत आनंद , बयंत सिंग खालसा , जोंटी सिंग गुंबर सहित स्टेशन अधिक्षक अजय सिंग व जीआरपी आरपीएफ स्टॉफ के लोग मौजुद थे।

# हैवी वाहन की चपेट में आने से दुपहिया सवार ग्रामीण घायल



**भाटापारा।** बीती रात्रि एक तेज रफ्तार हाईवा वाहन ने दुपहिया मोटर सायकल सवार ग्रामीण को अपनी चपेट में ले लिया फलस्वरूप उक्त घटना में दुपहिया सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया वहीं उसकी मोटर सायकल भी क्षतिग्रस्त हो गया लोगो ने मौके पर पहुंचकर भाग रहे हैवी वाहन को रूकवाया वहीं घायल ग्रामीण को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। बताया जाता है कि दुपहिया मोटर सायकल क्रमांक सीजी 22 एएच 2791 का चालक अमर बारले मुल निवासी ग्राम बिलाई डबरी कुकराचुंदा भाटापारा से वापस अपने गांव की ओर लौट रहा था कि ओव्हर ब्रिज से तेज रफ्तार हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 10 बीपी 4928 के चालक ने तेजी से वाहन दौड़ाते हुए दुपहिया वाहन सवार को अपनी चपेट में ले लिया ।

# आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग का आयोजन, कौशल विकास पर हुआ मंथन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में 31 मार्च को आचार्य व्यक्तित्व विकास वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आचार्यों के कौशल विकास एवं शिक्षण गुणवत्ता को सुदृढ़ करने पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंघानिया द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने विद्यालय के सर्वांगीण विकास पर बल देते हुए बालक, पालक एवं शिक्षक को इसकी महत्वपूर्ण कड़ी बताया। साथ ही नवीन प्रवेश बढ़ाने हेतु नगर एवं आसपास के आश्रित गांवों में सघन संपर्क करने के लिए प्रेरित किया।

प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष सुरेश सिंघानिया ने विद्यालय के सतत विकास को प्राथमिकता बताते हुए अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण पर प्रकाश डाला तथा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। विद्यालय के व्यवस्थापक राकेश जोशी ने नवाचार के माध्यम से विद्यालय की गुणवत्ता को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई तथा नवीन प्रवेश को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने आंतरिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने के लिए भी आचार्यों को प्रेरित किया। प्रथम सत्र में शकुन साहू ने प्रार्थना एवं गीत का सामूहिक अभ्यास कराया तथा उपस्थित अतिथियों का परिचय दिया। वहीं विश्वनाथ कौशिक ने परीक्षा पद्धति की बारीकियों से आचार्यों को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य लखन लाल साहू ने विगत एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। अंत में शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की, अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

## जल संरक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग और सोख्ता गड्ढों पर कलेक्टर का विशेष जोर



**बेमेतरा।** कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने आज कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को सौंपे गए लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए और कहा कि इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी।

### प्रधानमंत्री आवास, बिहान और शिक्षा विभाग की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत मास्टर रोल की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अपूर्ण प्रविष्टियों को शीघ्र पूर्ण करने और पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

इसी तरह राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान पहली से दसवीं कक्षा तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के प्रमाण-पत्र बनाए जाने की प्रगति की भी जानकारी ली गई।

### बायोमेट्रिक उपस्थिति और लंबित प्रकरणों पर सख्ती

कलेक्टर ने सभी विभागों में अनिवार्य बायोमेट्रिक उपस्थिति की स्थिति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंचकर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करें। उन्होंने कहा कि समय-सीमा की बैठक में लंबित पत्रों और प्रकरणों की लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा

बैठक में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड तथा आयुष्मान वय वंदन कार्ड की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अलावा चिरायु योजना, पोषण पुनर्वास केंद्र, जननी सुरक्षा योजना और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की भी विस्तार से समीक्षा की गई।

### कृषि, किसान क्रेडिट कार्ड और पीएम सूर्यघर योजना पर जोर

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक किसानों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत जिले में हो रही प्रगति की भी समीक्षा की गई।

### मिशन वात्सल्य और स्वामित्व योजना की प्रगति की समीक्षा

कलेक्टर ने मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की जानकारी ली तथा राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए स्वामित्व योजना के अंतर्गत संपत्ति कार्ड वितरण की प्रगति की भी समीक्षा की।

### लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा करने के कड़े निर्देश

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि उन्हें सौंपे गए सभी कार्यों और लक्ष्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि समय-सीमा की बैठकों में इनकी निरंतर समीक्षा की जाएगी और योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर विलंब या उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### जल संरक्षण और रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर विशेष जोर

बैठक में कलेक्टर ने जिले में जल संरक्षण, संवर्धन और संग्रहण के लिए सभी ग्राम पंचायतों में सोख्ता गड्ढों और रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी ग्रीष्म ऋतु और गिरते भू-जल स्तर को देखते हुए सभी विकासखंडों और ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी शासकीय भवनों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायत सचिवालयों में अनिवार्य रूप से रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किए जाएं तथा हैंडपंपों और सार्वजनिक नलों के पास वैज्ञानिक पद्धति से सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया जाए, जिससे भू-जल स्तर में सुधार हो सके। इसके लिए मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) और 15वें वित्त आयोग के कार्यों के अभिसरण के निर्देश भी दिए गए।

### जनगणना कार्य को लेकर दिए महत्वपूर्ण निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित जनगणना कार्य को लेकर भी अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसे सभी संबंधित अधिकारी सर्वोच्च प्राथमिकता और पूर्ण संवेदनशीलता के साथ समय-सीमा में पूरा करें। कलेक्टर ने कहा कि जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही भविष्य की सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाती है, इसलिए डेटा प्रविष्टि और गणना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मैदानी स्तर पर कार्य करने वाले प्रगणकों को आम नागरिकों से जानकारी लेते समय विनम्र और संवेदनशील व्यवहार रखने के भी निर्देश दिए।

बैठक के अंत में कलेक्टर ने कहा कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाना सभी अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।



# टोल टैक्स में वृद्धि से अब भाटापारा से रायपुर - बिलासपुर का सफर महंगा हुआ




**भाटापारा।** बीते 1 अप्रैल से भाटापारा से रायपुर एवं भाटापारा से बिलासपुर सड़क मार्ग जो कि राष्ट्रीय राजमार्ग है वहां पर जाना महंगा साबित हो रहा है क्योकि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने टोल टैक्स में 5 - 10 प्रतिशत की राशि बढ़ा दी है साथ ही निजी वाहन के जरिये वार्षिक पास बनाकर यात्रा करने वालो को भी अब एक वर्ष में केवल 200 टोल पार करने के लिए मान्यता दी गई है और इसके लिए वार्षिक पास जो पहले 3 हजार रूपयें में बनता था उसे 3 हजार 75 रूपयें कर दिया है। भाटापारा से रायपुर की ओर सड़क मार्ग से यात्रा करने वालो को ग्राम तरपोंगी टोल प्लाजा में टोल टैक्स देना पड़ता है वहीं बिलासपुर की ओर यात्रा करने पर ग्राम ज़ेजपुरी टोल प्लाजा में टोल टैक्स देना पड़ता है जिसमें अब चौपहिया वाहन चालको को महगांई से जुझते हुए अधिक राशि का भुगतान करना पड़ेगा। इस तरह अब लगभग 24 घंटे के भीतर एक तरफा टोल टैक्स लगभग 100 रूपयें अदा करके चौपहिया वाहन रायपुर बिलासपुर की ओर आ जा सकेंगे वही वापसी में टोल टैक्स का भुगतान करने से अब सड़क मार्ग पर रायपुर बिलासपुर की ओर सफर करना महंगा हो जायेगा।

# भाटापारा में प्रशिक्षण शिविर संपन्न , अनेक भाजपा नेता रहे मौजुद



**भाटापारा।** भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तर के निपनिया एवं कौशलपुर भाजपा मंडल के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओ का सम्मेलन गुड़ेलिया गांव व ग्राम कोलिहा में संपन्न हुआ। वक्ताओ ने संगठन को और अधिक प्रभावी व सशक्त बनाने के लिए कार्यकर्ताओ का मार्गदर्शन किया। अपने संबोधन में वक्ताओ ने विचारधारा, अनुशासन एवं संगठनात्मक क्षमता को मजबूत करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने एकात्म मानववाद विषय पर विचार रखते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में कार्यकर्ताओ की अहम भूमिका बताई। वक्ताओ ने आगे कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का सशक्त माध्यम है, जहां प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। यह प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकताओं को वैचारिक रूप से समृद्ध और संगठनात्मक रूप से सक्षम बनाने का महत्वपूर्ण मंच है। उक्त अवसर पर प्रमोद शर्मा, टेसूलाल धुरंधर, केजूराम बघेल, आनंद यादव, राकेश तिवारी, सुनील यदु, हेम सिंह चौहान, आशीष जायसवाल, महाबल बघेल, कृष्णा अवस्थी, मथुरा यदु, नारायण साहू, राजेश पटेल, अविनाश शर्मा, दिलीप चक्रधारी, राजा जायसवाल, शशि आनन्द बंजारे, लक्ष्मी नारायण शर्मा, चेतन वर्मा, मनोज शर्मा, संकेत अग्रवाल, संतोष साहू, सतीश साहू, विनोद मिश्रा,पीताम्बर साहू, गीता अग्रवाल, बृजेश निषाद, टिक्की वर्मा, ज़ेला देवांगन, लुकेश साहू, मनराखन यदु, सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में पार्टी के अन्य लोग उपस्थित थे।

# शिवरतन शर्मा ने बंगाल चुनाव में धुंआधार प्रचार किया ,बैठकों का दौर जारी



**भाटापारा।** वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा केन्द्रीय भाजपा संगठन के निर्देश पर इन दिनों पश्चिम बंगाल राज्य विधानसभा चुनाव में पुरी ताकत से चुनाव प्रचार कर रहे है। उन्हें पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिले की कमान सौंपी गई है जिसके कारण वे लगातार पार्टी हित में चुनाव प्रचार कर रहे है। बंगाल चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , गृह मंत्री अमित शाह सहित अन्य केन्द्रीय मंत्रियों तथा भाजपा की अनेक नेताओं की सभा से पश्चिम बंगाल के चुनावी वातावरण भाजपा के पक्ष में दिख रहा है। शिवरतन शर्मा ने उम्मीद प्रकट की है कि निश्चित रूप से पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। शर्मा ने वर्धमान जिले के कटवा विधानसभा क्षेत्र में जिला पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी , बुथ कमेटी के अध्यक्षो एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर चुनावी दिशा निर्देश देते हुए पुरी एक जुटता के साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए कार्य करने का आव्हान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अक्षय तृतीया को मांवली माता प्रबंधन समिति के तत्वावधान में सामूहिक विवाह का आयोजन

**निपनिया।** यहाँ से 5 किलोमीटर दूर सिंगारपुर मांवली माता मंदिर के पावन धरा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अक्षय तृतीया (19 अप्रैल) को मांवली माता प्रबंधन समिति के तत्वावधान में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है। सामूहिक विवाह के आयोजन पर आप सभी सादर आमंत्रित हैं। सामूहिक विवाह हेतु पंजीयन निम्न दस्तावेज अनिवार्य है माता पिता का सहमति पत्र, आधार कार्ड, राशनकार्ड, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, 10 वी कक्षा का प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र पासपोर्ट साईज फोटो। पंजीकरण हेतु निम्न मोबाइल फोन पर संपर्क करे

### बंगाल में शिवरतन का धुंआधार प्रचार



**भाटापारा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा इन दिनों पार्टी के निर्देश पर पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिला के सभी विधानसभा क्षेत्रो में न केवल कार्यकर्ताओं की मंडललवार बैठके ले रहे हैं अपितु जनसभाओं को भी संबोधित कर रहे हैं। शर्मा ने बताया कि पूरे बंगाल में इन दिनों चुनाव का जादू जनता के सिर चढ़कर बोल रहा है । अपने 15 वर्ष के शासनकाल में जिस तरह से ममता बनर्जी ने पूरे राज्य में भय एवं आतंक का वातावरण निर्मित किया है उसके कारण बंगाल में परिवर्तन का माहौल चल रहा है । उक्ताशय की जानकारी भाजपा नेता मनेन्दर सिंग गुंबर ने दी है।

### कड़ार में हनुमान जन्मोत्सव पर कार्यक्रम संपन्न



**भाटापारा।** हनुमान जन्मोत्सव पर ग्राम कड़ार में श्रद्धा और उल्लास के साथ हनुमान जी को चोला चढ़ाया गया साथ ही सुंदरकाण्ड पाठ , भजन किर्तन के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया । उक्त कार्यक्रम में गयाराम वर्मा सहित अन्य नागरिक बड़ी तादाद में शामिल हुए इस दौरान गांव में भक्ति का माहौल चारो तरफ बना रहा।

### शराब के नशे में वाहन चलाकर, स्कूटी सवारों को दुर्घटनाग्रस्त करने वाले आरोपी वाहन चालक को किया गया गिरफ्तार



**भाटापारा।** शराब के नशे में वाहन चलाकर स्कुटी सवारो को घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा है। शहर थाना टीआई अमित पटले ने बताया कि 29. मार्च को पिक अप वाहन क्र. सीजी 25 एन 3609 का आरोपी चालक विजय कुमार वर्मा द्वारा शराब के नशे में जानबूझकर अपने पिकअप वाहन को रॉन्ग साइड में चलाकर अमित धर्मकांटा के पास स्कूटी को सामने से ठोकर मार दिया जिससे स्कूटी के पीछे बैठे मृतक रोहित ज़ेई को सिर में गंभीर चोटें आई जिससे उसकी मृत्यु हो गई तथा एक अन्य व्यक्ति आयुष साहू के सिर, कमर, हाथ में गंभीर चोटें आई है। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा आरोपी वाहन चालक के विरुद्ध धारा 105,125(अ) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लेते हुए आरोपी विजय कुमार वर्मा को हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा स्वीकार किया गया।

# एकल ग्रामोत्थान फाऊंडेशन के सभी केंद्रों में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन संपन्न

**रायपुर।** एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के सभी सिलाई प्रशिक्षण केंद्र , कंप्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र, एवं एकल ऑन व्हील्स में भगवान हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह, श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर केंद्रों में विशेष पूजन, हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से आरती कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। सभी जगह प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया। इस पावन अवसर पर सभी केंद्रों में अनुशासन, सेवा और समर्पण की भावना देखने को मिली। छत्तीसगढ़ के सभी अलग अलग केंद्रों में एकल समिति, ग्राम समिति, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इन सभी केंद्रों में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया।

## सिलाई प्रशिक्षण केंद्र श्रीनगर




एकल ग्रामोत्थान फाऊंडेशन के अंचल सूरजपुर,संभाग छत्तीसगढ़ उत्तर,के सिलाई सेंटर श्रीनगर , में हनुमान जन्मोत्सव मनाते हुए सिलाई सेंटर श्रीनगर में,एकल अभियान अंचल सचिव श्री सुंदरलाल जी ने हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर उद्बोधन मार्गदर्शन देते हुए एकल अभियान की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। अंचल प्राथमिक शिक्षा प्रभारी बोधन राम प्रजापति, अंचल गतिविधि प्रभारी राम नारायण प्रजापति,ने एकल ग्राम उत्थान के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए संच श्रीनगर के संच प्रमुख सुनील कुमार जी के द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए एकल विद्यालय के आचार्य रामलाल प्रजापति ग्राम लवजी के ग्राम समिति के सदस्य एवं आसपास से आए हुए महिला समिति एवं सिलाई सेंटर प्रशिक्षक एवं शिक्षार्थी भारी संख्या में उपस्थित रहकर हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाया कार्यक्रम का शुरुआत ओमकार मंत्र, गायत्री मंत्र, श्री विजय महामंत्र, हनुमान चालीसा पाठ के द्वारा संपन्न करते हुए हनुमान जी की आरती एवं प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम को संपन्न किया गया।

## सिलाई प्रशिक्षण केंद्र रायगढ़



WEC (महिला सशक्तिकरण केंद्र) रायगढ़ के खरसिया में हनुमान जी का पावन जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पूरे वातावरण में भक्ति की अद्भुत ऊर्जा और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में सभी ग्रामवासी एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।






## सिलाई प्रशिक्षण केंद्र गरियाबंद छुरा

## सिलाई प्रशिक्षण केंद्र महासमुंद




*एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन महासमुंद सेंटर के ग्राम पटेवा में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मुख्य अतिथि सचिव संतोष कुमार शर्मा , श्री मोहनलाल बघेल( फील्ड कोऑर्डिनेटर) श्रीमती प्रेमलता जांगड़े( ट्रेनर) एवं सभी सिलाई प्रशिक्षणार्थी, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे, जिसमें सेंटर के सभी विद्यार्थी द्वारा ? का उच्चारण, गायत्री मंत्र, हनुमान चालीसा का पाठ के पश्चात सभी भक्तों ने मिलकर पूजा पाठ बहुत ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया।*

## सिलाई प्रशिक्षण केंद्र डोंगरगढ़



डोंगरगढ़ के ग्राम धारा में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन एवं हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत धारा की सरपंच श्रीमती आरती जंघेल, प्रशिक्षण केंद्र के समिति सचिव श्री जयंत मेश्राम, ग्राम पंचायत धारा की पंच श्रीमती गंगोत्री यादव एवं अशोक कुमार उइके मोबिलाइजर, और ट्रेनर खिलेश्वरी पटेल की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## एकल ऑन व्हील जगदलपुर




सिलाई प्रशिक्षण केंद्र अंबिकापुर अंचल के लखनपुर , जशपुर अंचल के दुलदुला, गरियाबंद अंचल के छुरा , बिलासपुर अंचल के लोरमी, कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र पामगढ़, खरसिया एवं एकल ऑन व्हील सहित सभी केंद्रों पर हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया ।

## कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र पामगढ़







# छत्रपति शिवाजी महाराज की जय हो रायपुर वासियों के लिए अविस्मरणीय पल

**रायपुर।** रायपुर में दिनांक 19 फरवरी से 22 फरवरी तक साइंस कॉलेज ग्राउंड में जाणता राजा का मंचन किया गया।हम दोनों का सौभाग्य कि इस महानाट्य में काम करने का सौभाग्य मिला।अद्भुत,अविस्मरणीय नाट्य जिसमें 4 दिन कैसे निकले पता ही नहीं चला।मंचन इतना प्रभावशाली रहा कि लोग मंत्र मुग्ध हो गए। निशब्द हो गए।इतना बड़ा स्टेज,इतने सारे लोग मंच पर रहे,लेकिन कही भी कोई कमी नहीं दिखी।पूरी टीम



को साधुवाद जिनकी अथक मेहनत मंचन के समय दिखी।शिवाजी के जन्म से लेकर राज्याभिषेक तक लोग मंत्रमुग्ध होकर देखते रहे,राज्याभिषेक पर तो सभी भावुक हो गए।इस नाटक के द्वारा बहुत सीखने को मिला

महाराष्ट्र मंडल में बहुत ही गरिमामय आयोजन किया गया जिसमें जानता राजा में पार्टिसिपेट करने वाले सभी कलाकारों काआज ठीक 1महीने बाद 22 मार्च को मंडल के अध्यक्ष माननीय अजय काले जी,आदरणीय अनिल कालेले जी और नागपुर से आए श्री पवन बोंद्रे जी ने सम्मानित किया और सभी के



अनुभव सुने।हम सब के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि शिव प्रतिष्ठान के पवन जी इस समय उपस्थित हुए।हम आगे भी उनके दिए सुझावों पर ध्यान देकर कार्य करेंगे और उनके द्वारा 17 मई को आयोजित कार्यक्रम में मंडल से ज्यादा से ज्यादा लोग उपस्थित रहेंगे। जानता राजा का अदभुत आनंद हमे मिला हम सौभाग्यशाली है कि हम इतने बड़े महानाट्य का हिस्सा बने।

**अनुभव कथन -- शुभांगी आप्टे दंपति**

# श्रुति शर्मा के भजन ने माहोल बांधा , लोग भक्ति रस में डुबे रहे



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर के सबसे बड़े हनुमान मंदिर संजय वार्ड - नेहरू वार्ड -नयागंज वार्ड के संयुक्त तत्वाधान हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रभात फेरी के साथ ही सुंदरकाण्ड हनुमान चालिसा पाठ , भजन संध्या एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रुति शर्मा के भजन की लोगो ने जमकर तारीफ की वहीं गौरव शर्मा , लक्ष्मी नारायण शर्मा , संजय शर्मा , महेश चौबे के भजन पर लोग थिरकने के लिए मजबुर हो गये । कार्यक्रम में महेश शर्मा , नरेश शर्मा , राकेश शर्मा , अनिल चांडक , लोकेश जोशी , आकाश शर्मा , जुगल गुप्ता , शिव शर्मा , मोहनलाल केशरवानी , गोविंद मुंधड़ा , कोमल शर्मा , राजेन्द्र शर्मा , पिंटु ओझा, गोविंद बिस्सा , रतन शर्मा , राकेश तिवारी , सत्यनारायण जोशी , सुरेश जोशी , लच्छु काका , रेखराज शर्मा , रेखु महराज, आकाश अग्रवाल , रूपेश सिन्हा , सहित अन्य भक्तो का भरपुर सहयोग प्राप्त हुआ कार्यक्रम के मध्य में विशाल भंडारा का आयोजन भी हुआ जिसमें लगभग 5 हजार से अधिक भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया।

# निगम की बड़ी कार्यवाही, हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र से हटाया गया अवैध कब्जा

ब्यूरो चीफ रतन कुमार

**भिलाईनगर ।** नगर पालिक निगम प्रशासन द्वारा शहर के आवागमन को सुगम बनाने और सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के अभियान के तहत आज वार्ड क्रमांक 24, हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही की गई। उड़नदस्ता प्रभारी एवं सहायक राजस्व अधिकारी की उपस्थिति में निगम के तोड़फोड़ दस्ते ने हनुमान मंदिर के पास स्थित अर्बन चाय ठेला सहित सड़क किनारे किए गए अन्य अवैध कब्जों को हटाया।






कार्यवाही का मुख्य कारण मुख्य मार्ग और सार्वजनिक भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर व्यवसाय संचालन करना, जिससे यातायात बाधित हो रहा था। यह कार्यवाही उड़न दस्ता प्रभारी विनय शर्मा, सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी, हरिओम गुप्ता एवं जोन टीम सहित राजस्व कर्मचारीयो के प्रत्यक्ष मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

निगम के तोड़फोड़ दस्ते एवं जोन टीम ने मौके पर पहुँचकर अवैध संरचनाओं और ठेले को जब्त कर मार्ग साफ कराया। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थलों और मुख्य सड़कों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बार-बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद कब्जे न हटाए जाने के कारण यह सख्त कदम उठाना पड़ा।

नगर निगम प्रशासन ने समस्त व्यवसायियों और नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित सीमा के भीतर ही अपना व्यवसाय संचालित करें। भविष्य में भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में इसी प्रकार की निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी ताकि शहर की सुव्यवस्था बनी रहे।



# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान का समापन, सैकड़ों पदाधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण

## वैचारिक मजबूती और बूथ प्रबंधन पर दिया गया विशेष जोर

ब्यूरो चीफ अनिल सिंघानिया

थान खमरिया। समीप ग्राम मां चंडी धाम करमू, स्वामी शंकराचार्य परिसर में आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान 2026 का समापन मंगलवार को हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में सैकड़ों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठनात्मक, वैचारिक एवं प्रबंधन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।







प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र में जिला पंचायत सभापति एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंजू बघेल ने प्रशिक्षक के रूप में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने वर्ष 2014 में केंद्र में भाजपा सरकार के गठन से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल तक की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। साथ ही किसानों की आय में वृद्धि, फसल बीमा, सिंचाई योजनाएं, मनरेगा, उज्ज्वला योजना, 12 करोड़ शौचालय निर्माण, महतारी वंदन योजना तथा बूथ प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर क्रमवार विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने सरल एवं प्रभावी ढंग से जनकल्याणकारी योजनाओं को कार्यकर्ताओं के समक्ष प्रस्तुत किया। समापन अवसर पर साजा विधायक ईश्वर साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी एवं प्रदेश सहसंयोजक सहकारिता विभाग संजू तिवारी ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। विधायक ईश्वर साहू ने भारत माता के जयकारों के साथ अपने उद्बोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान पर सभी कार्यकर्ता चिंतन-मनन कर उसे अपने कार्य में आत्मसात करें। पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने राष्ट्रीय चेतना को जागृत करना संगठन का मुख्य उद्देश्य बताया। उन्होंने पार्टी के विस्तार, संगठन सुदृढ़ीकरण, नीति-नीयत एवं समर्पण की भावना पर जोर दिया। साथ ही युवा मोर्चा के विस्तार सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान भारतीय जनता पार्टी का एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत करना और जनसंघ के संस्थापकों के विचारों को आगे बढ़ाना है। जोशी ने भारतीय जनता पार्टी के इतिहास पर भी प्रकाश डालते हुए वर्ष 1925 से लेकर 1951 में जनसंघ की स्थापना तथा 1980 में भाजपा के गठन तक की यात्रा का उल्लेख किया। उन्होंने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से कार्यकर्ताओं के ज्ञान का परीक्षण भी किया। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में कुल 7 सत्र आयोजित किए गए, जिनमें विभिन्न वक्ताओं द्वारा अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण अभियान जिला संयोजक राजेश ठाकुर, श्रीमती देवी, परमेश्वर वर्मा (जिला जनपद सदस्य), जिला उपाध्यक्ष नमिता सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, जिला मंत्री सुरेश सिंघानिया, महामंत्री घनश्याम राजपूत, अनिल सिंघानिया, राजेश सिंघानिया, प्रतीक सिंघानिया, युवराज साहू, किसान मोर्चा अध्यक्ष गिरधारी निर्मलकर, चंद्रशेखर राजपूत, आदर्श जोशी, लव पटेल, पीलू पटेल, राजेंद्र निर्मलकर, राजकुमार चंद्राकर, कुश कश्यप, संजय पटेल, लालाराम साहू, पूरन कश्यप, रूपचंद गायकवाड़, चित्रेंद्र साहू, द्वारका साहू, श्रीमती रेखा शर्मा, शिवानी यादव, रामावतार सिंह राजपूत, हरदत्त साहू, सरपंच तोषु राम वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन खमरिया मंडल महामंत्री घनश्याम राजपूत ने किया। प्रशिक्षण अभियान का समापन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।






# बरगा के हिरेन्द्र साहू का छत्तीसगढ़ पुलिस में चयन से गांव में उत्साह का माहौल

**थानखम्हरिया।** ग्राम बरगा के होनहार युवा हिरेन्द्र साहू (हीरू) ने अपने कठिन परिश्रम और लगन से एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। हिरेन्द्र साहू, पिता लच्छीराम साहू, की इस सफलता से गांव में खुशी और गर्व का माहौल व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, हिरेन्द्र साहू ने कम उम्र में ही लगातार संघर्ष, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी यह सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे बरगा गांव के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है। विशेष बात यह है कि बरगा गांव से पुलिस विभाग में यह पहला चयन है, जिससे ग्रामीणों में उत्साह दोगुना हो गया है। गांव में इस उपलब्धि को लेकर लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए हिरेन्द्र साहू को बधाइयाँ दीं। इस अवसर पर उपसरपंच प्रतिनिधि कमलेश साहू, छबिलाल साहू, भोपेन्द्र साहू, भागवत साहू, भुवनेश्वर साहू, हेमंत साहू, छन्नूलाल साहू, तखत साहू, कृष्णा यादव , ओमप्रकाश साहू, घनश्याम साहू, डॉ. टिकेन्द्र साहू, श्रवण कुमार साहू, लीलाराम साहू, डाकवर साहू, भूषण साहू सहित समस्त ग्रामवासियों ने हिरेन्द्र साहू को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए बधाई ज्ञापित की। ग्रामीणों ने कहा कि हिरेन्द्र की यह सफलता आने वाली पीढ़ी के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी और वे भी अपने लक्ष्य को पाने के लिए दृढ़ संकल्पित होंगे।



# बारात आये दो लोगों पर प्राणघातक हमला के आरोपी गिरफ्तार

## एक की मौत दुसरा गंभीर हालत में अस्पताल में उपचार करा रहा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** ग्राम दतरेंगी में सामान्य बात पर वाद विवाद के चलते बारात आये दो लोगो पर ग्राम के ही युवकों ने प्राणघातक हमला कर दिया जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं दुसरा अस्पताल में भर्ती है। घटना के आरोपी तीन लोगो व एक अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ग्रामीण थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम दतरेंगी में 27 मार्च को गांव के सीताराम गंधर्व के शादी में करन निर्मलकर, दुर्गेश केंवट और अन्य लोगों के साथ ग्राम दतरेंगी भाटापारा बारात आए थे बारात परगहनी के बाद नाश्ता करने बाराती होटल की ओर गये। बिजली गुल हो गया था कोई व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर जान से मारने की नियत से कोई भारी वस्तु से प्राणघातक हमला किया जिससे दुर्गेश केंवट जमीन पर गिर गया जिसे उठाने के लिए करन निर्मलकर पीछे मुड़ा तो कोई अज्ञात व्यक्ति करन को भी भारी वस्तु से प्राण घातक हमला कर मारपीट किए है। दुर्गेश के सिर में गंभीर चोंट आया है। दुर्गेश और करन निर्मलकर को ईलाज के लिए सरकारी अस्पताल भाटापारा लाया गया। दुर्गेश केंवट के सिर पर चोंट गंभीर होने से रिफर किया गया। ग्राम दंतरेंगी के संदेही आरोपी प्रेमलाल उर्फ बजरंगी वर्मा पिता स्व. कलाराम वर्मा उम्र 22 वर्ष , कोहिनुर वर्मा पिता पुरुषोतम वर्मा उम्र 18 वर्ष , टुकेश्वर वर्मा पिता अनुज वर्मा उम्र 19 वर्ष एवं एक अपचारी बालक साकिनान ग्राम दतरेंगी थाना भाटापारा ग्रामीण से पुछताछ किया गया जिन्होने घटना का कारित करना स्वीकार किया। आरोपीगणो एवं अपचारी बालक से घटना में प्रयुक्त बांस डण्डा को जब्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर धारा 109 तथा मर्ग डायरी आने पर धारा 103(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल ज़ेजा गया है।

# दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हुआ भंडारा प्रसादी का आयोजन



ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर प्रांगण में हनुमान जी की भव्य झांकी सजाई गई और भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। भंडारे में विधायक इंद्र साव एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा भी प्रमुख नगर जनों के साथ उपस्थित हुए। आयोजित भंडारे में लगभग साढ़े तीन हजार लोगों ने भंडारा प्रसादी का आनंद उठाया। पं. प्रकाश ओझा एवं विजय राठौड़ की टीम ने इस कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी दानदाताओं एवं सहयोग करने वाले महानुभावों को पं. प्रकाश शर्मा ने धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया ।

## हटरी बाजार - सब्जी बाजार समस्या के भंवर जाल में फंसकर सिसक रहा है



**भाटापारा।** नगर के अति प्राचीन हटरी बाजार , सब्जी बाजार की मुलभुत समस्या का निदान नही होने से तमाम छोटे छोटे व्यापारी सब्जी विक्रेता व महिला वर्ग के सब्जी विक्रेता काफी नाराज है। बताया जाता है कि सदर वार्ड के अंतर्गत आने वाले पुराने हटरी बाजार -सब्जी बाजार में साफ सफाई व्यवस्था नियमित नही है। हटरी बाजार , सब्जी बाजार में शहर से 5 किलोमीटर दुर ग्राम तरेंगा के सब्जी उत्पादक व विक्रेता तथा स्थानीय अनेक छोटे छोटे व्यापारियों की दुकान है जहां पर हजारो व्यक्ति खरीदी करने पहुंचते है लेकिन हटरी बाजार की सफाई व्यवस्था के साथ साथ प्रकाश व्यवस्था ठीक नही होने से व्यापारी वर्ग नाराज है। एक लंबे समय से रेलवे अंडर ब्रिज के निकट सन् 1982 में बनाये गये सार्वजनिक सुलभ शौचालय का छज्जा गिर जाने के बाद सुलभ शौचालय को बंद कर दिया गया है जिसके कारण तमाम महिला सब्जी विक्रेताओं को सुलभ शौचालय के अभाव में दिक्कतो से जुझना पड़ रहा है। पुरूष वर्ग के लोग तो कही पर भी जाकर लघुशंका कर लेते है लेकिन महिलाओं को लोक लाज के भय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्राम कोलिहा सरपंच ने पानी को व्यर्थ न बहाने की अपील की



**भाटापारा ।** ग्राम कोलिहा सरपंच संतोष कुमार साहू ने समस्त ग्रामीण जनो से पानी को व्यर्थ न बहाने की अपील करते हुए कहा है कि बढ़ते गर्मी के कारण गांव में वाटर लेवल तेजी से नीचे गिर रहा है जिसके कारण आने वाले समय में पेयजल निस्तारि संकट बढ़ सकता है। वाटर लेवल नीचे चले जाने के कारण हेडपंप एक एवं डेढ एचपी के सबमर्सिबल पंपो का चलना थम गया है। उक्त गंभीर परिस्थिति को देखते हुए साहू ने कहा पानी का सदुपयोग करे ।

### भूमिहीन मजदुर योजना से मजदुरों को फायदा मिलेगा - विनोद मिश्रा



**भाटापारा ।** छत्तीसगढ़ सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत एक और बड़ा वादा पूरा कर दिखाया राज्य में भुमिहिन कृषि मजदूर परिवारों को आर्थिक संबल देने के लिए दीनदयाल उपाध्याय भुमिहिन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत दस हजार रुपए प्रति वर्ष कि राशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की जा रही है। भाजपा सरकार द्वारा भुमिहिन कृषि श्रमिको को आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने पर भाजपा किसान मोर्चा कौशलपुर मंडल अध्यक्ष विनोद मिश्रा ने आभार व्यक्त किया है । उन्होंने कहा कि यह योजना मोदी की गारंटी के तहत किये गये वादो को पुरा करने कि दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है मिश्रा ने आगे कहा कि कौशल विकास कार्यक्रमो के माध्यम से युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिल रहे हैं वही किसानों को उचित फसल मुल्य निर्धारण का लाभ मिल रहा है।

### अतिरिक्त तहसीलदार को पालिका का अस्थायी सीएमओ बनाया गया

**भाटापारा।** प्रदेश की सबसे बड़ी व सबसे पुरानी भाटापारा नगर पालिका अधिकारी जफर खान के निलंबन के पश्चात आगामी व्यवस्था तक पालिका के प्रशासनिक कार्य निष्पादन के लिए अस्थायी रूप से प्रेमा मिंज अतिरिक्त तहसीलदार को नगर पालिका का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# अरूण छाबड़ा हुए सम्मानित

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ जनलिस्ट यूनियन प्रादेशिक पत्रकार महा सम्मेलन एवं सम्मान समारोह मे भाटापारा के अरूण छाबड़ा बंटी को समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका द्वारा सम्मानित किया गया । उक्त अवसर पर डॉ राजाराम त्रिपाठी, गिरीश पंकज साहित्यकार, वरिष्ठ पत्रकार,प्रो संजय द्विवेदी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर दुबे ,प्रदेश महामंत्री सरदार कुलवंत सलुजा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। वर्तमान में छाबड़ा को मानद उपाधि, डाक्टरेड से सम्मानित किया गया। वे सिख समाज के सम्मानित सदस्य और नगर में बहुत सारी अत्यावश्यक सेवाओं को उपलब्ध कराने वाले अरुण छाबड़ा ने अपने स्वर्गवासी पिता स्व. चैतराम छाबड़ा की पुण्य स्मृति में एक स्वर्गरथ नामक वाहन शहर को विगत आठ वर्ष से निशुल्क संचालित कर रहे हैं। यह सेवा निश्चित रूप से बहुत ही पुण्यता का कार्य है। इसकी सभी नगरवासी तहेदिल से आभार मानते हैं। उनके द्वारा नारीशक्ति शिखर सम्मान, संमरक्लास, सेल्फ डिफेंस, व्यक्तिव का विकास,खेलकूद ,का क्षेत्र हो या सांस्कृतिक साहित्यिक क्षेत्र में अपना बहुमूल्य समय प्रोत्साहन और आयोजन भी द्वारा निरन्तर किया जाता है। यह नगर के लोगों के लिए बहुत ही गौरव, सम्मान और प्रतिष्ठा की बात है। 2196 फीट लम्बा तिरंगा जिसे 1378 छात्र छात्राओं द्वारा लहराकर गोल्डन बुक आफवर्ल्ड रिकॉर्ड में भाटापारा का नाम दर्ज करा कर नाम रोशन किया ऐसा समाज सेवी जो हर प्रकार की मानव सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं जो नगर में सेवा के क्षेत्र मे मिसाल बने हुए नजर आते हैं। छाबड़ा को उक्त उपलब्धि पर गुड्डा मोदी , अमित तिवारी , शेखर शर्मा , रविन्द्र गिन्नौरे , राजकुमार मल , सुधिर सोनी , गिरधर गोपाल वर्मा , हरजीत सिंग छाबड़ा , संतोष सोनी , सुशील भृगु, किशोर रोहरा सहित अन्य लोगो ने बधाई दी है।

# दावनबोड़ में धान खरीदी केंद्र शुभारंभ समिति गठित



**भाटापारा।** ग्राम दावनबोड़ में छत्तीसगढ़ सरकार के निर्देशानुसार धान खरीदी केंद्र विगत कुछ वर्षों से संचालित है किंतु किसानों को समिति के पूरक कार्य के लिए गांव से 15 किलोमीटर दूर जांगडा जाना हो रहा था जिसको शासन ने आसान करते हुए गांव में ही सारी व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने निर्णय लेते हुए समिति गठन कर किसानों को राहत पहुंचाया है। खाद कृषि ऋण एवं अन्य किसानी दस्तावेज संबंधित सारी सुविधा मुहैय्या होगी। अंचल के किसानों ने सरकार और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का आभार प्रकट किया पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के प्रयास से गांव में धान खरीदी केंद्र शुरू हुआ है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अविनाश शर्मा जिला कार्यकारिणी सदस्य, दीप्ती गोविंद वर्मा सभापति जिला पंचायत , जनपद पंचायत सदस्य सभापति , सीता शशिकांत ध्रुव, सोसाइटी अध्यक्ष रमेश वर्मा , तुलसी बारले ,सम्मत रामरतन ,टिकेश्वर वर्मा, अजय वर्मा, लालू ध्रुव ,लक्ष्मण कुमार वर्मा, धनुष वर्मा ,रामस्वरूप वर्मा ,रमेश इंद्रकुमार ध्रुव ,नंदकुमार वर्मा सहित भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# आदिवासी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन



**भाटापारा।** आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के तत्वधान में आश्रित ग्राम गुर्रा जोगीद्वीप में 25 जोड़ा सामूहिक विवाह का आयोजन रखा गया था । पारंपरिक रीति रिवाज- सर्व प्रथम सामाजिक पंडा पुजारी लोकेश मंडावी, सोनचंद ध्रुव के द्वारा पूजा हवन का कार्य आदिवासी संस्कृति और पूर्वजों द्वारा स्थापित परंपराओं के अनुसार सम्पन्न कराई गई। सामाजिक समानता - इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य फिजूलखर्ची को रोकना और आर्थिक समानता लाना है। कार्यक्रम टोनाटार चक के अध्यक्ष दौलत कुंजाम एवं समस्त मंत्रिमंडल के विशेष सहयोग से सफल रहा। इस कार्यक्रम में बिंद्रा नवागढ़ के विधायक लाडले जनक राम ध्रुव एवं विधायक इंद्र साव छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के कार्यकारिणी प्रांताध्यक्ष एवं दोंदी लोहारा के पूर्व विधायक राजेंद्र राय नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा जिला पंचायत के सदस्य राजा जायसवाल अमर मांडवी एवं आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक गणेश सिंह ध्रुव ,जनपद उपाध्यक्ष ज़ेला वर्मा, सर्व आदिवासी समाज के पूर्व प्रांताध्यक्ष भारत सिंह ठाकुर, फूल सिंह नेताम, गोंडवाना केंद्रीय महासभा मुंगेली के अध्यक्ष वीरेन्द्र मरावी, ग्राम पंचायत गुर्रा के सरपंच गंगा गोवर्धन ध्रुव ,अजुर्नी सरपंच कविता भगेला ध्रुव, खमरिया सरपंच पारस यादव ,जनपद सदस्य किरण गउलाल सोनवानी, बिलासपुर जिला अध्यक्ष लव सिदार ,भारत साहू, अश्वनी पाल ,मनु लाल यादव ,अयोध्या यादव ,पुरुषोत्तम साहू ,छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय विकास संघ राम बगस नेताम ,श्याम ध्रुव गजेंद्र कतलम ,अमर सिंह ठाकुर ,सीताराम नेम बालाराम, नेताम हीरालाल ध्रुव ,लोकेश मांडवी ,नंदकुमार एवं समस्त ग्राम प्रमुख के विशेष उपस्थिति एवं सहयोग से संपन्न हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

# भाजपा कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान आयोजित



**भाटापारा।** भाजपा कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय आवसीय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश मंत्री भाजपा अमित साहू ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चला । यह प्रशिक्षण अभियान कुल सात चरणों में आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्त्ताओ को संगठन की कार्यप्रणाली, जनसंपर्क को मजबूत करने के तरीके, सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी और सरकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकताओं की क्षमता और जिम्मेदारी को बढ़ाते हैं। इस अवसर पर अलग अलग सत्रों को वक्ता के रूप में अमित साहू, अवधेश जैन, प्रहलाद रजक, टेशुलाल धुरंधर, अजय राव, प्रमोद शर्मा, सनम जांगड़े ने पार्टी की विचार धाराओं को विषयवार रखते हुए कार्यकर्त्ताओ को प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर राकेश तिवारी, आनंद यादव, अश्वनी शर्मा, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, महाबल बघेल, नंदकिशोर अग्रवाल, कृष्णा अवस्थी, योगेश अनंत, मनिंदर गुम्बर, डॉ मोहन बांधे, गोपाल देवांगन, उमाशंकर वर्मा, अविनाश शर्मा, आशीष टोडर, सतीश साहू, गोपी ध्रुव, अंकित बाजपेयी, आयशा खान, सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता, जनप्रतिनिधि गण, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा उपथित थे।

# गर्मी में लू से बचाव के लिए सावधानी बरतने की जरूरत

**भाटापारा।** गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्यगत सावधानिया जरूरी है। गर्मी में लू से बचाव के उपाय- लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यत~ नमक की कमी हो जाना होता है। इससे बचाव के लिये बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाये। धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बाथ ले। पानी अधिक मात्रा में पीये। अधिक समय तक धूप में न रहे। गर्मी के दौरान नरन मुलायम सूती कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपडें पसीने को सोहाते रहे। अधिक पसीना आने की स्थिति में ओआरएस घोल पीये। चक्कर आने, उल्टी आने पर छावादार स्थान पर विश्राम करे तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मट्ठा आदि का सेवन करे। लू लगने पर किये जाने वाला प्रारंभिक उपचार-बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठण्डे पानी की पट्टी लगायें। अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलायें जैसे कच्चे आम का पना, जल जीरा आदि। शरीर पर ठण्डे पानी का छिड़काव करते रहे। पीड़ित व्यक्ति को यथाशीघ्र किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जावे। नंगे पैर या बिना चेहरे को ढके और बिना सिर ढककर बाहर न जाएं।



# हनुमान जी के जन्मोत्सव पर प्रसादी का वितरण



**निपनिया ।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माता अंजनी के पुत्र हनुमान जी के जन्मोत्सव पर मंदिर पर हवन पूजन किया गया व खीर खिचड़ी का वितरण किया गया। आस पास गाँव भोथीडिह, खपरी , फरहद, गुड़ाघाट, सिल्वा, भरतपुर, मोपकी आदि गाँव में हनुमान जी के जन्मोत्सव पर पूजा व भंडारे का आयोजन किया गया था।

# महावीर जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकली, "अहिंसा परमो धर्म" के नारों से गूंजा नगर

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थान खमरिया।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती नगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें जैन समाज के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ग्राम रणवीरपुर से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

शोभायात्रा गाजे-बाजे, ध्वज-पताकाओं एवं भक्ति गीतों के साथ निकाली गई, जिससे पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालु अहिंसा परमो धर्म के जयघोष लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर शामिल हुए, जो सांस्कृतिक एवं धार्मिक एकता का प्रतीक बना।

इस अवसर पर पत्रकार अनिल सिंघानिया एवं पुरुषोत्तम अग्रवाल ने शोभायात्रा में रथ पर विराजित भगवान



महावीर स्वामी के चित्र पर श्रीफल एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धा व्यक्त की। नगरवासियों द्वारा जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

जैन भवन में विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग



लिया। इस अवसर पर प्रिंस छाजेड़ ने कहा कि भगवान महावीर ने संपूर्ण विश्व को अहिंसा, सत्य एवं शांति का संदेश दिया है। वर्तमान समय में जब विश्व के अनेक देश हिंसा एवं संघर्ष से जूझ रहे हैं, ऐसे में उनके सिद्धांतों को अपनाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही समाज में शांति एवं सद्भाव स्थापित किया जा सकता है।

वहीं रमेश जैन ने कहा कि महावीर जयंती जैन समाज का प्रमुख पर्व है, जिसे लेकर समाज में विशेष उत्साह रहता है। इस प्रकार की शोभायात्राएं धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ समाज में एकता एवं भाईचारे का संदेश भी देती हैं।

शोभायात्रा के दौरान गांधी चौक में गन्ने के रस एवं प्रसाद की व्यवस्था की गई। इस आयोजन को सफल बनाने में जैन समाज का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में लक्ष्मीचंद, प्रेम चोपड़ा, अनमोल, ललित, राजेश चोपड़ा, सुमित, पप्पू, राहुल, निकलेश, सतीश, मुकेश,



राजू पारख, चिराग, उज्ज्वल सहित बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित रहा।

# मन की बात का सीधा प्रसारण भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने सुना

**भाटापारा।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 132 वां संस्करण भाजपा कार्यालय में कार्यकताओं ने प्रसारण देखा व सुना। उक्त अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के दौरान कहा देशवासियों का ध्यान खींचा व कहा कि जिस तरह से विश्व के कुछ देशों में चल रहे युद्ध के बावजूद विपरीत परिस्थितियों में भी देश में पेट्रोलियम पदार्थ की कमी नहीं होने दी जा रही है व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी केंद्र की सरकार के द्वारा जिस तरह से पेट्रोलियम पदार्थों की पूर्ति की जा रही है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। आज पूरी दुनिया युद्ध के कारण पेट्रोलियम



पदार्थ की कमी का संकट का सामना कर रही है उसके बावजूद हमारे देश में न केवल पेट्रोलियम पदार्थ एवं गैस की आपूर्ति निर्बाध गति से हो रही है अपितु उनके दाम भी नहीं बढ़े हैं जबकि विश्व जगत में पेट्रोलियम पदार्थों के नाम काफी बढ़ चुके हैं। उपरोक्त अवसर पर भाजपा नेता मनिनंदर सिंग गुंबर ,शेखर ठाकुर , महाबल बघेल , संजय सिंग चौहान , पवन वर्मा ,डब्ल्यु सिंग ठाकुर , नंदकिशोर वैष्णव , आशीष पुरोहित सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

## ब्रम्हकुमारी संस्थान में कार्यक्रम संपन्न

**भाटापारा** । स्थानीय ब्रम्हकुमारी संस्थान नरसिंह विहार सिविल लाईन में ब्रम्हज़ेज कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शांति सरोवर रायपुर की सविता दीदी विशेष रूप से उपस्थित हुई। उक्त अवसर पर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा , राधेश्याम अग्रवाल ,



बी के महेश भाई , ओमप्रकाश भाई , बी के मंजु बहन सहित अन्य लोगो ने अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य नागरिक , समाजसेवी व अन्य लोग उपस्थित थे।

## विनोद मिश्रा ने पानी के दुरूपयोग रोकने की अपील की

**भाटापारा।** ग्राम रोहरा के भाजपा किसान मोर्चा कौशलपुर मंडल अध्यक्ष विनोद मिश्रा ने सभी पेयजल व्यवस्थाओ का जायजा लेते हुए बताया कि गर्मी के प्रारंभ से ही वाटर लेवल तेजी से नीचे चले जाने के कारण बढ़ते पेयजल संकट को देखते हुए उन्होंने ग्रामीणो से अपील करते हुए कहा है कि पानी का वे सदुपयोग करे। व व्यर्थ जल न बहने दे।



## लक्ष्मी वर्मा को सांसद बनने पर यादव समाज ने बधाई दी

**भाटापारा।** लक्ष्मी वर्मा ग्राम मुड़पार निवासी को राज्यसभा सांसद बनाये जाने पर यादव महासभा के जिला अध्यक्ष हेमंत यादव , राजेश यादव, मुरली मनोहर यादव , रमेश यादव , अशोक यादव , भास्कर यादव , तिलक यादव ,पवन यादव ,लोकनाथ यादव , दुर्गेश यादव , राहुल यादव , बंटी यादव , नीरज यादव, गोलु यादव सहित अन्य लोगो ने बधाई दी है। बलौदाबाजार प्रवास के दौरान हेमंत यादव व साथियों ने लक्ष्मी वर्मा से ज़ेंटकर उनका अशीर्वाद लिया।



## अवैध शराब के साथ दो लोगो को पुलिस ने दबोचा

भाटापारा। पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध कारोबार में लिप्त लोगो के विरूद्ध चलायें जा रहे धर पकड़ अभियान में ग्राम खैरताल निवासी एक युवक को 36 पाव अवैध देसी मसाला शराब के साथ पकड़ा गया है रामदास गेंडरे उम्र 50 वर्ष के विरूद्ध पुलिस ने आबाकरी अधिनियम 34(2) के तहत कार्यवाही की गई है। वहीं एक अन्य मामले में पुलिस ने नाजिर बेग के विरूद्ध भी आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए धारा 34(1) के तहत कार्यवाही की है।

# बुथ कमेटी गठन के लिए कांग्रेस की बैठक हुई



**भाटापारा।** स्थानीय कांग्रेस भवन में कांग्रेस बुथ कमेटी के गठन एवं बीएलए नियुक्ति हेतु बैठक आयोजित की गई जिसमें कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे एवं भाटापारा शहर प्रभारी प्रवीण धुरंधर व विधायक इन्द्र साव उपस्थित हुए। इस दौरान सभी प्रमुख नेताओं ने उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबुती तथा बुथ कमेटी के गठन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उक्त अवसर पर राजकुमार शर्मा ,सतीश अग्रवाल, दिवाकर मिश्रा, नरेन्द्र यदु, नवीन बक्श , मनमोहन कुर्रे , राजा तिवारी, मोहन निषाद , वैभव केशरवानी , राजेश जगवानी , गुड्डा मानिकपुरी , मनिराम ध्रुव , गोविंदा देवदास , धनंजय तिवारी ,मोहम्मद शेख गुलाम , संजय बघेल , पप्पु चौहान , प्रमेन्द्र तिवारी , विमलेश्वरी ध्रुव , पप्पु चौहान , प्रेमलता दुबे , ओमप्रकाश यदु , अय्युब खान बाठिया , पुनित दास मानिकपुरी , शेषनारायण यदु , दिनेश यदु, विक्रम लिलवानी , आशीष वर्मा , हिरमत साहू , शत्रुपा वर्मा , पूर्णिमा श्रीवास , विजय महिलांगे, कुंज बिहारी साहू, हिरा नामदेव , भुपेश जांगड़े , रामु ठाकुर , दिलीप वर्मा , पिंटु रजक , मुके श साहू , सीता साहू , सतीश गेंडरे , गिरिराज चावड़ा ,गौरी भृगु सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठो के पदाधिकारी कार्यकर्ता व अन्य लोग उपस्थित थे।

# सड़के केवल यात्रा का साधन नहीं हैं, बल्कि विकास, रोजगार और सामाजिक बदलाव का रास्ता हैं- शिवरतन शर्मा

## सड़क निर्माण कार्य के लिए 06 करोड़ 76 लाख 35 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा के प्रयासों से भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में सड़क विकास को बड़ी सौगात मिली है। राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा विकास खंड के ग्राम दत्तरेंगा से बिजराडीह मार्ग तक लगभग 06.20 किलोमीटर लंबाई की सड़क निर्माण कार्य के लिए 06 करोड़ 76 लाख 35 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। लोक निर्माण विभाग मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर से जारी आदेश के अनुसार उक्त सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप कराया जाएगा। इस स्वीकृति के लिए शिवरतन शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, लोक निर्माण मंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री ओ पी चौधरी, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। शिवरतन शर्मा के मार्गदर्शन में विधानसभा क्षेत्र में



आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इस सड़क परियोजना से दत्तरेंगा से बिजराडीह मार्ग तक आवागमन सुगम होगा और ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। स्थानीय व्यापार, परिवहन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी । साथ ही क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। शिवरतन शर्मा ने इस विषय पर पश्चिम बंगाल से दूरभाष चर्चा में कहा कि सड़कें केवल यात्रा का साधन नहीं हैं, बल्कि विकास, रोजगार और सामाजिक बदलाव का रास्ता हैं। शर्मा ने आगे कहा कि राज्य की भाजपा सरकार का उद्देश्य ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर सड़क सुविधाएं पहुंचाना है ताकि विकास का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचे। विधानसभा के समग्र विकास के लिए सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में लगातार कार्य किए जा रहे हैं और आगे भी इसी तरह विकास कार्य जारी रहेंगे। उक्त स्वीकृति के लिए राकेश तिवारी, अश्वनी शर्मा, सुनील यदु, राजा जयसवाल, सविता प्रदीप अनंत, आशीष जायसवाल, महाबल बघेल, ज़ेला वर्मा, पवन वर्मा, खुमान वर्मा, मनिंदर गुम्बर, प्यारे रजक, ठाकुर राम साहू, बहोरकी यदु, सुरेश वर्मा, सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्त्ताओ ने शिवरतन शर्मा का आभार व्यक्त किया है।

# भाटापारा सीएमओ व इंजिनियर को निलंबित किया गया

**भाटापारा।** प्रदेश शासन ने भाटापारा नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी व पूर्व में पदस्थ एक इंजिनियर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है । उक्त संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के उपसचिव के आदेश से जारी प्रपत्र में कहा गया है कि 14वें वित्त आयोग एवं टाईड ग्राण्ड ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मद अंतर्गत 03 कार्यो के लिए भंडार क्रय नियम के तहत नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के द्वारा गत वर्ष 29 अगस्त 2025 में 119.50 लाख रूपयें की राशि तथा 97.69 लाख रूपयें की स्वीकृति प्रदान की गई थी जिसपर पालिका अधिकारी जफर खान ने ब्रिड निविदा जारी करने के पूर्व सक्षम स्वीकृति नही ली जो कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका प्रेसिडेंट- इन-कौंसिल के काम काज का संचालन तथा प्राधिकारियों की शक्तियां एवं कर्तव्य नियम 19998 यथा संशोधित 2022 में दी गई व्यवस्था का पालन नही करने की परिधी में आता है। सक्षम प्राधिकारी के बिना अनुमोदन जेम के माध्यम से ब्रिड की कार्यवाही करना शासन के दिशा निर्देशो भंडार क्रय नियम के विपरित है। इसके लिए भाटापारा में पदस्थ सीएमओ जफर खान एवं तत्कालिन उपअभियंता कमलेश साहू जो कि मौजुदा समय में नगर पालिका कार्यालय कुरूद में पदस्थ है उन्हें निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि मे जफर खान व कमलेश साहू को नगरीय निकाय के क्षेत्रिय कार्यालय रायपुर में अटैच किया गया है इस दौरान उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## संक्षिप्त समाचार

# घुमंतु बच्चों की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा गया

भाटापारा। स्थानीय सरयू साहित्य परिषद के मुकेश शर्मा ने क्षेत्र में घुमंतु बच्चो को समस्या को लेकर अभियान चलाते हुए बालधाम एवं प्रेरणा केन्द्र स्थापना के लिए अभियान छेड़ा है। मौजुदा समय में नौनिहालों के भटकन भरे पीड़ामय दृश्य को देखते हुए मुकेश शर्मा ने घुमंतु बच्चो को बचपन को सवारने के लिए गौधाम की तज पर बालधाम जैसे संस्था बनाकर घुमंतु बच्चो को व्यवस्थापन देने का निर्णय लिया है। उनके इस कार्य में उनके चाचा गौरी शंकर शर्मा , हरिहर शर्मा , दिनेश शर्मा , मोनु मानिक प्रसाद दुबे,राजकुमार यदु , ज्वेलर्स मनोरथ लाल सोनी , शंकर लाल सोनी सहित अन्य लोग ने एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर इस दिशा में कार्यवाही की मांग की है।



# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली कुछ रद्द एक्सप्रेस ट्रेनो को पुनः बहाल किया गया यथावत चलेगी

**भाटापारा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गोंदिया रेलवे स्टेशन पर कार्य के चलते रद्द की गई कुछ एक्सप्रेस ट्रेनो को तत्काल प्रभाव से बहाल करने का निर्णय लिया गया है। उपरोक्त संबंध में रेलवे सुत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंदिया स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 लाइन नंबर 05 पर वॉशेबल एप्रन को हटाने और उसे बैलस्टेड ट्रैक में बदलने के कार्य के कारण इन ट्रेनो को अस्थायी रूप से रद्द किया गया था। अब ये ट्रेन अपने निर्धारित समय सारणी के अनुसार पुनः संचालित की जाएंगी जिसमें ट्रेन संख्या 18030 शालीमार - लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस शालीमार से छूटने वाली यह ट्रेन 04 अप्रैल - 26 से 24 अप्रैल - 26 तक बहाल रहेगी। व नियमित रूप से चलेगी इसी तरह ट्रेन क्रमांक 18029 लोकमान्य तिलक टर्मिनल - शालीमार एक्सप्रेस लोकमान्य तिलक टर्मिनल से छूटने वाली ट्रेन 06 अप्रैल - 26 से 26 अप्रैल-26 तक बहाल रहेगी व चलेगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे यात्री ट्रेनो की नवीनतम स्थिति की जानकारी के लिए अधिकृत रेलवे पूछताछ नंबर 139, रेलवन ऐप या रेलवे की वेबसाइट का उपयोग क र अपनी यात्रा प्रारंभ करे ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।



# शक्ति वार्ड में अवैध शराब बिक्री रोकने महिलाओं ने लिया संकल्प

भाटापारा। स्थानीय शक्ति वार्ड में अवैध शराब बिक्री की लगातार शिकायत के बाद वाल्मिकी नगर में महिलाओं की पहल पर सामाजिक जागरूकता प्रदर्शित करते हुए महिला कमांडो दल का गठन किया गया है। उक्त महिला कमांडो वार्ड में अवैध रूप से बिक रहे शराब बिक्री सहित नशा के अन्य कारोबार पर नकेल कसने की दिशा में कार्य करेंगी और वार्ड को नशा मुक्त एवं सुरक्षित बनाने के लिए संकल्प लिया है। शक्ति वार्ड की बैठक में पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने उक्त बैठक में भाग लेकर महिलाओं की उक्त पहल का स्वागत करते हुए उनके इस कदम की सराहना की है।



# चन्द्र प्रकाश का चयन जूडो में गोवा के लिए

**भाटापारा।** श्री शंकराचार्य विद्यापीठ के जूडो खिलाड़ी चंद्र प्रकाश यादव का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा गोवा के लिए किया गया है। वे ट्रेनिंग कैंप मे रहकर जूडो के लिए अपनी तैयारी करेंगे । छात्र ने शंकराचार्य विद्यापीठ के साथ साथ गांव व अपने परिवार का नाम रोशन किया है। चंद्र प्रकाश यादव को उनकी इस सफलता के लिए यशवंत ध्रुव , मनोज गुप्ता सहित अन्य लोगो ने बधाई दी है।



# अभिलाषा झा सम्मानित हुई नारी शिखर सम्मान से



**भाटापारा।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छ.ग. एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छ.ग. द्वारा छत्तीसगढ़ की विभिन्न विधा के ख्यातिलब्ध विप्र नारी शक्ति का महिला शिखर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्मी वर्मा सांसद राज्यसभा, मीनल चौबे महापौर, शालिनी पाण्डेय पूर्व अध्यक्ष बाल आयोग, अर्चना झा डिप्टी कमिश्नर एवं सविता शर्मा उपस्थित थे। अभिलाषा झा ने महिलाओं के अंदर छिपे हुनर को पहचानने एवं आत्मबल बढ़ाने पर जोर दिया। उक्त कार्यक्रम में अरविंद ओझा नीता शर्मा सहित उल्लेखनीय कार्य हेतु चयनित 33 विप्र नारी शक्ति को शॉल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में भाटापारा की अभिलाषा झा को कला एवं फैशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु महिला शिखर सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में ऋचा त्रिवारी, चारू तिवारी, स्मिता मिश्रा, सविता शर्मा, रेखा पाण्डेय, मधु तिवारी, पूर्णिमा तिवारी, डॉ. वर्षा शर्मा, उन्नति शुक्ला, अपर्णा तिवारी, सुधा शर्मा, अंकिता पाण्डेय शुक्ला, इंदु पाण्डेय, संध्या मिश्रा, सृष्टि तिवारी, लता शुक्ला, किरण शर्मा, सुजाता दुबे, अनुराधा भारद्वाज, कीर्ति शर्मा, करुणा दुबे, मीरा तिवारी, ए. श्रीदेवी, पुष्पा शर्मा, विद्या झा, सुमन पाण्डेय, आशा पाण्डेय, प्रतिभा शर्मा, तारा झा, अनुष्का त्रिवेदी, प्रभा बाजपेयी तिवारी एवं कविता श्रीवास्तव शामिल उपस्थित थी।

# सभी समाजों के सहयोग से ही विकसित छत्तीसगढ़ का सपना होगा साकार - मुख्यमंत्री

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रायगढ़ के बाबा प्रियदर्शी राम ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट में उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति द्वारा आयोजित 'उत्कल दिवस एवं वार्षिकोत्सव स्नेह सम्मेलन' में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा भगवान जगन्नाथ स्वामी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं 'वंदे उत्कल जननी' के मधुर गायन के साथ हुआ।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को आत्मीयतापूर्वक संबोधित करते हुए कहा कि वे यहां अतिथि के रूप में नहीं, बल्कि अपने परिवार के बीच आए हैं। उन्होंने कहा कि रायगढ़ की जनता ने उन्हें 20 वर्षों तक सांसद के रूप में अपना भरपूर आशीर्वाद दिया है और वही स्नेह एवं अपनापन उन्हें आज भी प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दोनों राज्यों के बीच 'रोटी-बेटी' का अटूट रिश्ता है। उन्होंने कहा कि जशपुर के कुनकुरी से लेकर छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती क्षेत्रों तक बड़ी संख्या में लोग उड़िया भाषा बोलते हैं। देवभोग-गरियाबंद क्षेत्र में आज भी महाप्रसाद के रूप में भात मिलता है और छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में रथ यात्रा का आयोजन होता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने समाज की पत्रिका 'सुविधा' का विमोचन किया, जिसमें समाज के रीति-रिवाज, उपलब्धियां एवं संपर्क विवरण संकलित किए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जगन्नाथ रथ यात्रा के आयोजन हेतु 5 लाख रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुरूप छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं।

# कुर्मी समाज का केन्द्रीय अधिवेशन संपन्न



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ गहवई कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय वार्षिक महाअधिवेशन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन छत्तीसगढ़ गहवई कुर्मी क्षत्रिय समाज के सामाजिक मुख्यालय देवरी स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर में किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ गहवई कुर्मी क्षत्रिय समाज की एकता और समर्पण को देखकर मैं अत्यंत गौरवान्वित हूँ। समाज के विकास के लिए मैं हमेशा आपके साथ हूँ। हमारे समाज ने सदैव सामाजिक समरसता और एकता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। मैं आशा करता हूँ कि समाज इसी प्रकार एकजुट होकर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा। उन्होंने श्री रामजानकी मंदिर प्रांगण सौंदर्यीकरण के लिए 10 लाख रुपये की घोषणा की। कार्यक्रम में बिल्हा क्षेत्र के विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि समाज के बीच एकता और समृद्धि देखना हमारा सौभाग्य है। समाज के विकास के लिए हमें शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर विशेष ध्यान देना होगा। ग्राम बावली में सामुदायिक भवन के निर्माण से समाज के लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने ग्राम बावली में सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु 20 लाख रुपये की घोषणा की। नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि समाज के विकास के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। हमें अपने समाज की संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखना होगा। उपरोक्त अवसर पर श्रीकांत राजा जयसवाल दिनेश वर्मा, नोखेलाल वर्मा देवचरण वर्मा, हरबंश गौटिया, कृष्णकुमार वर्मा, गणेशराम वर्मा, दीपक कौशिक, मोतीराम वर्मा, रामगोपाल वर्मा उतरा वर्मा, खुमान सिंह वर्मा, योगराज वर्मा, श्री शिव कुमार गहवई, महेंद्र वर्मा, राजकुमार वर्मा, हीरा लाल वर्मा, मनोज वर्मा, प्रीति वर्मा, मुकेश वर्मा, दिनेश वर्मा, सुरेश कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# अवैध शराब के कारोबार में सक्रिय संगठित गिरोह के 4 पकड़े गये



भाटापारा। पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध रूप से शराब तस्करी एवं बिक्री करने वाले संगठित गिरोह के 4 लोगो को पकड़ा है पुलिस टीम ने ग्राम तरेंगा के एक व्यक्ति को 40 पाव अवैध देसी मसाला शराब के साथ पकड़ा है। पकड़े गये आरोपी से पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की तब उसने पुलिस के समक्ष खुलासा करते हुए अवैध शराब के संगठित गिरोह के 18 सदस्यों का नाम उजागर किया है। 40 पाव शराब के साथ पकड़े गये अमर यदु ने जो नाम व संकेत बताये उसके आधार पर पुलिस की टीम ने अवैध शराब के संगठित गिरोह का पर्दाफाश करने में सफलता हासिल की है। थानेदार हेमंत पटेल एसडीओ पुलिस तारेश साहू एवं एएसपी हेमसागर सिदार के प्रयास से संगठित गिरोह के सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़ पाये जिसमें श्याम सुंदर निर्मलकर निवासी ग्राम सरकीपार, राजेश उपाध्याय, राहुल डहरिया दोनो निवासी गुरूनानक वार्ड, दिनेश कुर्रे निवासी ग्राम कड़ार शामिल है। पुलिस ने उपरोक्त आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) व 111 भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्यवाही की।

# अवैध शराब के साथ दुपहिया वाहन सवार पुलिस के हत्थे चढ़ा

**भाटापारा।** पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध शराब कारोबार में लिप्त लोगो के विरूद्ध चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान में पुलिस गशित दल ने रामसागर वार्ड में घेराबंदी कर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 22 एच ई 9716 में सवार होकर अवैध रूप से 30 पाव देसी शराब ले जा रहे अजीत वैष्णव निवासी ग्राम तरेंगा को पकड़ा है। उसके विरूद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम 34(2) के तहत कार्यवाही की है।



# बोलेरो पिकअप की चपेट में आने से स्कुटी चालक की मौत


**भाटापारा।** तेज रफतार एक पिकअप बोलेरो वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार कल्याण सागर तालाब केके वार्ड निवासी रोहित ज़ेई अपनी स्कुटी में एक नाबालिग युवक को बैठाकर सिद्धबाबा धौराभाठा शराब भट्ठी क्षेत्र की ओर से लौट रहा था कि रेलवे फाटक मोड़ के पास पिकअप बोलेरो वाहन सी जी 15 एन 3609 चौपहिया वाहन से उसकी भिड़ंत हो गई जिसमें नाबालिग दुपहिया में पीछे बैठे सुरक्षित बच गया वहीं रोहित ज़ेई की मौत हो गई। इस घटना के बाद रोहित के परिजन व वार्ड वासियों ने थाना का कुछ देर घेराव कर मुआवजे की मांग करने लगे जिसपर वाहन मालिक द्वारा 35 हजार रूपयें तत्काल तौर पर देने के बाद थाना घेराव समाप्त हुआ। पुलिस ने उपरोक्त घटना के सिलसिले में बोलेरो पिकअप वाहन चालक विजय वर्मा निवासी ग्राम कटई नवागढ़ बेमेतरा के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 181, 125 ,105 के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

# सरकारी जमीन पर कब्जा कर अवैध प्लाटिंग, पहली बार जांच रिपोर्ट में बसंत अग्रवाल का नाम

## सरकारी जमीन पर कब्जा कर अवैध प्लाटिंग, पहली बार जांच रिपोर्ट में बसंत अग्रवाल का नाम

**मनीष कश्यप** (क्राईम रिपोर्टर)



**रायपुर।** राजधानी के धरसींवा क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा और प्लाटिंग का बड़ा मामला सामने आया है। जमीन कारोबारी बसंत अग्रवाल सहित कई लोगों पर चारागाह, निस्तारी और जल स्रोत की जमीन पर अतिक्रमण कर प्लॉट काटने के आरोप हैं।

राजधानी के धरसींवा क्षेत्र से जमीन घोटाले का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां सरकारी जमीनों पर कथित रूप से कब्जा कर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। इस पूरे मामले में जमीन कारोबारी बसंत अग्रवाल का नाम प्रमुख रूप से सामने आया है। बसंत पर चारागाह, निस्तारीकरण और जल क्षेत्र की भूमि पर बेजा कब्जा कर प्लाटिंग करने के आरोप लगे हैं। तहसीलदार की जांच रिपोर्ट ने भू-माफियाओं और सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### सरकारी जमीन पर अवैध प्लाटिंग

आरोप है कि चारागाह और निस्तारी जमीन पर कब्जा किया गया। जल स्रोत वाली जमीन को भी नहीं छोड़ा गया। इन जमीनों को समतल कर प्लॉट काटे गए, फिर सड़कों का निर्माण कर उन्हें बेचने की तैयारी की गई।

### आरटीआई से खुलीं परतें

आरटीआई के जरिए जांच रिपोर्ट सामने आई है। ग्राम गिरौद में कई खसरा नंबरों में गड़बड़ी मिली है। खसरा 644, 636, 634, 511/5 और 638 में अतिक्रमण मिला। ये सभी जमीनें शासकीय श्रेणी में दर्ज हैं। इनका उपयोग आम जनता के लिए होना था।

### कौन है बसंत अग्रवाल?

वैसे तो बसंत अग्रवाल खुद को युवा नेता बताते हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ में उनकी पहचान एक भू-माफिया के रूप में है। बसंत प्रदेश में एक बड़े कॉलोनाइजर के रूप में उभर रहे हैं। इनकी अधिकतर प्लाटिंग रायपुर ग्रामीण, धरसींवा क्षेत्र में ही है।

हाल ही में एक और जमीन घोटाला सामने आया था, जिससे बसंत अग्रवाल को भी जोड़ा गया था। हालांकि किसी रूप से बसंत अग्रवाल का नाम सामने नहीं आया था। हर साल गुड़ियारी में होने वाले धार्मिक आयोजन में इनकी बड़ी भूमिका रहती है।

### ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

स्थानीय ग्रामीण लंबे समय से शिकायत कर रहे थे। किसानों ने कब्जे और प्लाटिंग का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सड़क बनाकर प्लॉट बेचे जा रहे हैं। लगातार दबाव के बाद प्रशासन हरकत में आया।

### जांच में चौंकाने वाले खुलासे

तहसीलदार की जांच में कई बड़े तथ्य सामने आए। खसरा 511/5 में 6.39 हेक्टेयर जमीन दर्ज है। इसमें से करीब 4.51 हेक्टेयर पर मुरूम डाल दिया गया, फिर वहां रास्ता बनाकर प्लाटिंग की तैयारी की गई।

### 60 फीट सड़क, किनारे प्लॉट

कई जगह 60 फीट चौड़ी सड़क बनाई गई। सड़क के दोनों ओर प्लॉट काटे गए। यह पूरा काम योजनाबद्ध तरीके से हुआ। जल स्रोत की जमीन को भी समतल किया गया।

### सिर्फ एक नाम नहीं, पूरा नेटवर्क

मामले में भू-माफिया बसंत अग्रवाल के अलावा और भी नाम सामने आए हैं। जांच रिपोर्ट में पूनम चौधरी, ओमप्रकाश सरवैया, कसलाल साहू, पुष्पा पटेल, दर्शना पटेल पर भी आरोप हैं। उन्होंने बाउंड्री वॉल बनाकर कब्जा किया। इससे संगठित गिरोह की आशंका बढ़ी है।

### प्रशासन की कार्रवाई शुरू

मामले में एसडीएम नंदकुमार चौबे ने सख्ती दिखाई है। तहसीलदार को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। कार्रवाई के अनुसार संबंधित लोगों को नोटिस जारी होंगे। तीन बार नोटिस के बाद भी अगर कोई जवाब नहीं मिलेगा, तो कार्रवाई की जाएगी।

### सबसे बड़ा सवाल अब भी बाकी

इतने बड़े स्तर पर कब्जा कैसे हुआ? प्रशासन को पहले जानकारी क्यों नहीं मिली? क्या प्रशासनिक मिलीभगत से यह खेल चलता रहा? स्थानीय पटवारी को इसकी जानकारी क्यों नहीं लगी?

### आगे क्या

अब इस जांच रिपोर्ट के सामने आने के बाद सबकी नजर प्रशासन की कार्रवाई पर है। अगर सख्ती हुई तो कई बड़े नाम फंस सकते हैं, वरना यह मामला भी फाइलों में दब सकता है। धरसींवा का यह खुलासा पूरे सिस्टम पर सवाल है।

# सृजन नई सोच, नई उड़ान द्वारा भव्य ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** सृजन नई सोच, नई उड़ान द्वारा अग्रसेन भवन में नन्हे-मुन्ने बच्चों से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए एक भव्य एवं प्रेरणादायक ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों, प्रिंसिपल्स एवं डायरेक्टर्स को सादर आमंत्रित किया गया जिसमें सभी संस्थाओं का अत्यंत सराहनीय सहयोग एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली। इस प्रतियोगिता में कुल 120 से अधिक बच्चों ने भाग लेकर अपने सृजनात्मक कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह आयोजन बच्चों के लिए न केवल एक मंच बना, बल्कि उनके आत्मविश्वास, कल्पनाशीलता एवं प्रतिभा को निखारने वाला प्रेरणादायक अनुभव भी सिद्ध हुआ। सृजन टीम द्वारा सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा , पालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा एवं सिविल जज अंकिता गुप्ता की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के निर्णायक के रूप में मेघा वर्मा, शहर की प्रसिद्ध कलाकार एवं निखिल तिवारी, रायपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रीति शाह द्वारा किया गया साथ ही श्रीमती इंदरजीत सलूजा, अमरजीत सिंह सलूजा, श्रीमती शम्मी चावला, श्रीमती सोनी छाबड़िया एवं श्रीमती शीतल आर्या उपस्थित थे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा डीबी कार्प लिमिटेड प्लाट नंबर-40/44 इंडस्ट्रीयल एरिया बीरगांव उरला रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / web- www.krantirath.com